CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम : 13°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, सोमवार 2 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 45 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 12 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित






















## संक्षिप्त समाचार

### अब होगा धर्म युद्ध का शंखनादः अविमुक्तेश्वरानंद

**वाराणसी।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती गाय और सनातन की रक्षा के लिए 11 मार्च को लखनऊ में सभा करेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ को दी गई चेतावनी के 40 दिन पूरा होने पर 11 मार्च को 'धर्म युद्ध' का शंखनाद किया जाएगा। रविवार को शंकराचार्य ने कहा कि 6 मार्च को वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर काशी से लखनऊ के लिए प्रस्थान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सबसे पहले बड़े भगवान चिंता गणेश का पूजन पाठ होगा। संकट मोचन मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ करेंगे, उसके बाद यात्रा के लिए निकल जाएंगे। विभिन्न स्थानों से होते हुए लखनऊ में 11 मार्च को शीतला अष्टमी पर काशीराम मैदान में गौ ध्वज प्रतिष्ठा किया जाएगा। इसके बाद धर्म युद्ध शुरू होगा, जो लोग भी गौ माता की रक्षा के लिए आना चाहते हैं वह आएंगे। सात मार्च को जौनपुर, सुल्तानपुर से होते हुए यात्रा रायबरेली पहुंचेगी।

### गोकुल में छड़ी मार होली भाव भक्ति के साथ संपन्न

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में कान्हा नगरी मथुरा के गोकुल में रविवार को विश्व प्रसिद्ध 'छड़ी मार होली' का आयोजन उल्लास और भक्ति भाव के साथ किया गया। बरसाना और नंदगांव की लठमार होली के बाद ब्रज में फाल्गुन की मस्ती अपने चरम पर पहुंच गई है और गो. कुल में प्रेम व वात्सल्य की अनूठी छटा बिखरी। उत्सव की शुरुआत ऐतिहासिक नंद भवन से हुई। यहां ठाकुर जी को भव्य पालकी डोला में विराजमान कर ढोल-नगाड़ों और 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष के बीच शोभायात्रा निकाली गई। ग्वाल-बालों की टोली झूमती-गाती नंद चौक पहुंची, जहां हुरियारिनें गोपियां हाथों में छड़ियां लिए स्वागत के लिए खड़ी थीं।

## ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई की मौत पर अमेरिका और इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन

# उत्तर प्रदेश के कई जिलों में शिया समुदाय सड़क पर उतरा, लगाए नारे

### तुम एक हुसैनी मारोगे, तो हर घर से एक और हुसैनी निकलेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद उत्तर प्रदेश के कई जिलों में शिया समुदाय ने कड़ी नाराजगी जताते हुए यूएस और इजरायल के खिलाफ नारे लगाए। लखनऊ में बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग सड़कों पर निकल आए और अमेरिका-इजरायल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। शहर के छोटे इमामबाड़ा से शुरू होकर कई प्रमुख इलाकों में पहुंचा, लोगों ने अमेरिका-इजारायल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और खामेनेई को शहीद बताया।

विरोध में उतरे वक्ताओं ने खामेनेई की मौत पर दुख प्रकट करते हुए इसे खतरनाक बताया और इसे सीधे अमेरिका के आतंकवाद और साम्राज्यवाद से जोड़ा। यही नहीं विश्व युद्ध जैसी स्थिति उभरने की चेतावनी भी दी। लोगों के आक्रोश को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस फोर्स भी तैनात रही। रविवार सुबह जैसे ही ईरानी लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत की खबर आई, शिया समुदाय शोक और आक्रोश से भर गया। शिया समुदाय ने पुराने लखनऊ के इमामबाड़ा से मार्च निकाला। इसमें खामेनेई की तस्वीरों के साथ लोग चल रहे थे। खामेनेई अमर रहें के नारों के साथ ही अमेरिका-इजरायल मुर्दाबाद के नारे सड़कों पर गूंज रहे थे। शिया धर्म गुरुओं ने इसे वैश्विक तानाशाही बताया और चेतवानी दी कि खामेनेई की मौत दबे और कुचले लोगों के लिए प्रेरणा बनेगी। वक्ताओं ने कहा कि हमारे नेता ने जुल्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी, धर्म की परवाह किए बगैर दबे-कुचलों का साथ दिया, उनकी मौत कमजोरी नहीं, बल्कि दुनिया भर के मजलूमों के लिए हिम्मत का सबब है।



दुनियाभर के देशों से आगे आकर खामेनेई के लिए न्याय की मांग की गई है। शिया समुदाय के आक्रोश को देखते हुए शहर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। जुलूस के साथ भी पुलिस फोर्स रही। अधिकारियों ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है। इसके साथ ही खुफिया तंत्र भी एक्टिव हो गया है और लोगों से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। उधर जौनपुर में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई की मौत के विरोध में जौनपुर में हजारों शिया प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका-इजरायल के खिलाफ हमला बोला। 'हर घर से हुसैनी निकलेगा' के नारों के साथ कल्लू इमामबाड़ा पर प्रदर्शन हुआ। जिले के कोने-कोने से हजारों की संख्या में शिया समुदाय के पुरुष, महिलाएं और बच्चे सड़कों पर उतर आए, हाथों में खामेनेई के पोस्टर और काले झंडे लिए प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### तीन दिन का शोक मनाएं शियाः कल्बे जवाद



मशहूर शिया धर्मगुरु मौलाना सैयद कल्बे जवाद ने इस हमले को 'कायरतापूर्ण आतंकवादी हमला' करार दिया है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि अयातुल्ला खामेनेई हमेशा शहादत की दुआ करते थे और वे जंग लड़ते हुए शहीद हुए हैं। हमारे मजहब में शहादत सबसे बड़ा मर्तबा है। खामेनेई का खून रायगा (व्यर्थ) नहीं जाएगा। शहीद के खून के कतरे से वो इंकलाब पैदा होता है, जिसमें जालिम डूब जाते हैं। डोनाल्ड ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू ने खामेनेई को शहीद नहीं किया, बल्कि अपने खुद के 'डेथ वारंट' पर दस्तखत कर दिए हैं, उनकी मौत बेहद बदतर होगी। मौलाना कल्बे जवाद ने पूरे देश के शिया समुदाय से तीन दिवसीय शोक मनाने का आह्वान किया है। उन्होंने अपील की है कि लोग स्वेच्छा से अपनी दुकानें और कारोबार बंद रखें। पूरे मुल्क में एक ही समय पर शोक सभाएं और कैंडल मार्च निकाले जाएं, घरों पर काले झंडे लगाकर विरोध दर्ज कराया जाए।

## दुनिया को युद्ध की नहीं शांति की जरूरतः प्रियंका

नई दिल्ली, वार्ता



ईरान पर हुए हमले में सुप्रीम लीडर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौतपर कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने कड़ी आला. चना की है। उन्होंने प्रधानमंत्री से युद्धग्रस्त क्षेत्रों में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने की अपील भी की।

प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि किसी संप्रभु राष्ट्र के नेतृत्व की लक्षित हत्या और निर्दोष लोगों की बड़ी संख्या में की गई हत्याएं, चाहे उसके पीछे कोई भी घोषित कारण बताया जाए निंदनीय हैं और उनकी कड़ी आलोचना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद है कि अब कई देश इस संघर्ष में खींचे जा चुके हैं। दुनिया को और अनावश्यक युद्धों की नहीं, बल्कि शांति की जरूरत है।

**भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालें पीएम**

जो लोग इसके फैसले ले रहे हैं, उन्हें महात्मा गांधी के शब्द याद रखने चाहिए. आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को अंधा बना देती है। प्रियंका गांधी ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इजरायल के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ट्रंप के प्रति औपचारिक समर्थन जताने के बाद हमारे पीएम प्रभावित देशों में फंसे सभी भारतीय नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

## खामेनेई की हत्या पर भड़के ओवैसी

### ये अमानवीय है, भारत सरकार करे युद्ध रुकवाने में हस्तक्षेप

हैदराबाद, वार्ता

अमेरिका और इजराइली हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत होने पर उत्तर प्रदेश से लेकर जम्मू-कश्मीर में लोग सड़कों में उतरकर लोग यूएस और इजराइल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने ईरान पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है।

पत्रकारों से बात करते असदुद्दीन ओवैसी ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या को अमानवीय, गैरकानूनी और अनैतिक बताते हुए अंतर्राष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन करार दिया है। उन्होंने कहा कि रमजान के पाक महीने में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहू ने ईरान पर हमला



**अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया गया**

किया है, नेतन्याहू इंसानियत को नहीं मानते हैं। ओवैसी ने ईरान पर हमले की निंदा करते हुए जोर देकर कहा कि युद्ध को तत्काल समाप्त किया जाना चाहिए। उन्होंने भारत सरकार से तनाव कम करने और शांति प्रयासों में रचनात्मक भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार हिंसा के ऐसे गैरकानूनी कृत्यों और खामेनेई की हत्या की स्पष्ट रूप से निंदा करेगी। हमले को कायरतापूर्ण और अमानवीय बताते हुए उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों सहित निर्दोष नागरिकों की हत्या स्तब्ध कर देने वाली है और मानवाधिक. ारों के पैरोकारों का पर्दाफाश करती है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर युद्ध जारी रहा, तो वैश्विक तेल की कीमतों में वृद्धि होगी, जिससे दुनिया भर के लोग प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि ईरान के एक सम्मानित नेता की हत्या का ईरानी निश्चित रूप से बदला लेंगे। उन्होंने कहा कि जिन. ेवा में शांति वार्ता चल रही थी, उसी दौरान यह हमला हुआ, यह एक कायरतापूर्ण और अमानवीय हमला है।उन्होंने कहा कि अगर यह युद्ध जारी रहा, तो तेल की कीमतें बढ़ेंगी और यहां तक कि 1 डॉलर का अंतर भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर भारी असर डालेगा।

## श्रीनगर में यूएस विरोधी प्रदर्शन, एमएमयू में आज हड़ताल का आह्वान

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी के विभिन्न हिस्सों में रविवार को हजारों शिया मुसलमानों ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई के मारे जाने के बाद प्रदर्शन किए।।

प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका तथा इजरायल के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शन श्रीनगर के अन्य हिस्सों के अलावा मध्य कश्मीर के बडगाम और उत्तर कश्मीर के बारामूला में भी हुए, जहां शिया समुदाय के पुरुषों और महिलाओं ने जुलूस निकाले। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि प्राधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शोक व्यक्त कर रहे लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी भावनाएं व्यक्त करने की अनुमति मिले। उन्होंने सभी समुदायों से शांति बनाए रखने और तनाव बढ़ाने वाली गतिविधियों से बचने की अपील की। पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी इस घटना की निंदा की। इससे भी ज्यादा शर्मनाक और चौंकाने वाली बात यह है कि मुस्लिम देशों ने साफ या छिपा हुआ समर्थन दिया, जिन्होंने जमीर के बजाय सुविधा को चुना। हुर्रियत अध्यक्ष और कश्मीर के मुख्य धर्मगुरु मीरवाइज उमर फारूक ने कहा कि प्रमुख धार्मिक संगठनों के मंच 'मुत्तहिदा मजिलस-ए-उलेमा' (एमएमयू) ने सोमवार को पूर्ण हड़ताल का आह्वान किया है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 81287.19
निफ्टी 25178.65



सोना 164700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 268000
प्रति किलो




## भू-राजनैतिक स्थिति से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेश धारणा पर सबसे ज्यादा असर पश्चिम एशिया में सप्ताहांत में बनी भू-राजनैतिक स्थितियों का रहेगा। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी की सुबह संयुक्त सैन्य कार्रवाई में ईरान पर हमला कर दिया। इसके उत्तर में ईरान ने भी इजराइल और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकाने वाले कई देशों पर हमले किए।

निवेशकों की नजर अब इस बात पर रहेगी कि क्षेत्र में परिस्थितियां किस प्रकार बदलती हैं और इन हमलों का क्या असर होता है। पूरी दुनिया के साथ भारतीय शेयर बाजारों पर भी आने वाले सप्ताह में इसका असर दिखेगा। साथ ही 27 फरवरी को जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों का असर भी बाजार पर दिखेगा। इसके अलावा आने वाले सप्ताह में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के फरवरी के पीएमआई आंकड़े, जनवरी के औद्योगिक



उत्पादन के सरकारी आंकड़ें और वाहनों की बिक्री के आंकड़े जारी होने हैं। इन सभी कारकों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। बीएसई का सेंसेक्स गत सप्ताह कुल 1,527.52 अंक (1. 84 प्रतिशत) टूटकर शुक्रवार को 81,287.19 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 392.60 अंक यानी 1.54 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ 25,178.65 अंक पर आ गया। मझौली और छोटी कंपनियों में अपेक्षाकृत कम गिरावट रही। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.87 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.43 प्रतिशत टूट गया।

## यात्री वाहनों की बिक्री में फरवरी में भी जारी रही तेजी

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती के बाद वाहनों की बिक्री में शुरू हुई दमदार तेजी फरवरी महीने में भी जारी रही। खास बात यह रही कि फरवरी में देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी की घरेलू बिक्री में मामूली वृद्धि हुई, जबकि अन्य कंपनियों की बिक्री में तेज वृद्धि दर्ज की गई। मारुति सुजुकी ने रविवार को बताया कि घरेलू बाजार में उसकी कुल बिक्री 1,64,130 इकाई रही। पिछले साल यह आंकड़ा 1,63,501 इकाई था। हालांकि निर्यात में 56-49 प्रतिशत की अच्छी बढ़ोतरी के कारण उसकी कुल बिक्री में 7.32 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। माह के दौरान कंपनी ने कुल 39,155 वाहनों का निर्यात किया और उसकी कुल बिक्री 2,13,995 इकाई हो गई। इसमें दूसरी कंपनी (सुजुकी) के बेचे गए 10,710 वाहन भी शामिल हैं। घरेलू बाजार में कंपनी के यात्री वाहनों की बिक्री 1,61,000 इकाई और हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री 3,130 इकाई पर रही। यात्री वाहनों में कार, उपयोगी वाहन और वैन शामिल हैं। टाटा समूह की कंपनी टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल की घरेलू बिक्री 34 प्रतिशत बढ़कर 62,329 इकाई रही। कंपनी ने 1,002 वाहनों का निर्यात किया जो सालाना आधार पर 167 प्रतिशत की वृद्धि दिखता है। इस प्रकार उसकी कुल बिक्री 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 63,331 इकाई दर्ज की गई। साथ ही उसके इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 57 प्रतिशत बढ़कर 8,385 इकाई पर पहुंच गई।

## चावल, चीनी में साप्ताहिक तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों, दालों में घटबढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी में भी तेजी रही। गेहूं की कीमत नरमी देखी गई जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 16 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 23 रुपये सस्ता होकर 2,834 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

आटा की कीमत भी 18 रुपये गिरकर 3,310 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में भी उतार.चढ़ाव रहा। सरसों तेल औसतन 27 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल 227 रुपये और सूरजमुखी तेल 80 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत 79 रुपये और पाम ऑयल की 67 रुपये बढ़ी। सोया तेल 54 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के



औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे-दाल- दलहनः दाल चना 7757.19 रुपये, मसूर काली 8055.59 रुपये, मूंग दाल 10183.14 रुपये, उड़द दाल 10752.22 रुपये, तुअर दाल 11167.83 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाजः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2834.27 रुपये और चावल 3852. 75 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3310.03 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ः चीनी एस 4310.23 रुपये और गुड़ 5007.35 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेलः सरसों तेल 17650.61 रुपये, मूंगफली तेल 18390.72 रुपये, सूरजमुखी तेल 16572.78 रुपये, सोया तेल 14131.21 रुपये, पाम ऑयल 12794.84 रुपये और वनस्पति 14585.32 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## पुडुचेरी का मिली 2700 करोड़ की बड़ी सौगात

### पीएम मोदी ने कांग्रेस और डीएमके शासन पर साधा निशाना

**पुडुचेरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुडुचेरी दौरे के दौरान 2700 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुडुचेरी आना उनके लिए सम्मान की बात है और यह संतों, कवियों तथा स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि रही है। उन्होंने याद दिलाया कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती ने इसी धरती से राष्ट्रवाद की अलख जगाई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मैं पहले यहां आया था, तो मैंने श्ठमैज् पुडुचेरीश का मंत्र दिया था- जिसका मतलब है बिजनेस, एजुकेशन, स्पिरिचुअलिटी और टूरिज्म। उन्होंने बताया कि पिछले साढ़े चार वर्षों में यह विजन फल दे रहा है। पुडुचेरी में अच्छा शासन और विकास हुआ है। जब केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश एक ही विजन और लगन से काम करते हैं, तो नतीजे तेजी से और बेहतर होते हैं। इस वर्ष के बजट में 12 लाख करोड़ रुपये इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए आवंटित किए गए हैं। इससे पुडुचेरी में बेहतर सड़कें, पेयजल आपूर्ति, तटीय ढांचा, स्कूल और अस्पताल जैसी सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि पुडुचेरी को कैपिटल इन्वेस्टमेंट स्कीम के तहत विशेष सहायता दी गई है, जो पहले केवल राज्यों के लिए उपलब्ध थी। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए ज्यादा फंडिंग का मतलब है बेहतर सड़कें, पानी की सप्लाई, कोस्टल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्कूल, अस्पताल और ऐसे कई प्रोजेक्ट। एनआईटी कराईकल में नया डा. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और माडर्न हास्पिटल की सुविधाएं कई स्टूडेंट्स के लिए टेक्निकल एजुकेशन को मजबूत करेंगी। पुडुचेरी विवि में भी आधारभूत ढांचे का विस्तार किया गया है।

## मोदी सरकार की विदेश नीति बहुत कमजोरः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार की विदेश नीति को विफल और देशहित के विपरीत बताते हुए कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की स्थिति कमजोर हुई है इसलिए इसमें पुनर्विचार की जरूरत है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार की विदेश नीति के कारण भारत के प्रति दुनिया के रुख में बदलाव दिख रहा है और अमेरिका का रुख भारत की तुलना में पाकिस्तान की तरफ नरम है जिसे विफल विदेश नीति का परिणाम कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का रुख पाकिस्तान के प्रति नरम है और यही कारण है कि श्री ट्रम्प पहलगाम आतंकवादी हमलों की पृष्ठभूमि से जुड़े व्यक्ति की सार्वजिनक सराहना कर रहे हैं। उनका कहना था कि अमेरिका ने अफगानिस्तान के खिलाफ



पाकिस्तान की कार्रवाई का समर्थन किया है। राष्ट्रपति ट्रम्प कई बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने 10 मई 2025 को आयात शुल्क बढ़ाने की धमकी देकर 'ऑपरेशन सिंदूर' रुकवाया, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गत 2 फरवरी को राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसकी घोषणा की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मामला उठाया लेकिन मुद्दों से ध्यान हटाने की सरकार ने कोशिश की। बाद में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प की आयात शुल्क नीति को अवैध करार दिया।

## कोर्ट का फैसला बीजेपी व सरकार के गाल पर तमाचाः केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबक. ारी नीति मामले में आप संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के डिस्चार्ज होने के बाद आज जंतर-मंतर पर केजरीवाल ने एक जनसभा में कहा कि बस मार्शलों और निकाले गए कर्मचारियों से भी मैं बात करूंगा। केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी ने सिर्फ आप लोगों के साथ नहीं, पूरी दिल्ली के साथ धोखा किया। पूर्व सीएम ने कहा कि परसों दिल्ली की एक अदालत ने एक ऐतिहासिक फैसला किया कि ये दिल्ली वालों के पक्ष में है। उन्होंने कहा मैं आपको बधाई देना चाहता हूं। मैं जज साहब का धन्यवाद करना चाहता हूं कि ऐसे डर के माहौल में ऐसा धाकड़ फैसला दिया।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले 4 सालों से मोदी और



**मोदी जी मुझसे इतनी नफरत क्यों? जंतर-मतर पर बोले-मैंने तो कुछ नहीं बिगाड़ा**

शाह ने साजिश रची कि अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचारी है, लेकिन जज साहब ने फैसला सुनाया कि मोदी जी आप झूठ बोल रहे हैं, अरविंद केजरीवाल ईमानदार हैं। अरविंद केजरीवाल कट्टर ईमानदार है, ये 600 पेज का कोर्ट का फैसला है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को खत्म करने की साजिश थी। कोर्ट का ये फैसला बीजेपी और मोदी जी के गाल पर तमाचा है। केजरीवाल ने कहा कि आज मैं अपनी नहीं, देश की बात करने आया हूं, मुझे देश से प्यार है, आई लव इंडिया। मैं जब आईआईटी में था, तो मेरे बहुत अच्छे नंबर आते थे, मैं अमे. रिका जा सकता था, लेकिन नहीं गया। क्योंकि देश के लिए कौन काम करता। जब मैं इनकमटैक्स में असिस्टेंट कमिश्नर था, तो एक सीए आया और बोला कि क्या सेवा करनी है, मैंने मना कर दिया। पूरे डिपार्टमेंट में फैल गया कि अरविंद केजरीवाल कट्टर ईमानदार है। लोग केजरीवाल की कसमें खाने लगे। फिर मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री बना, पता नहीं मोदी जी मुझसे क्यों नफरत करते हैं, मैंने तो उनका कुछ नहीं बिगाड़ा, जो इतनी जांच कराई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुप्रीम लीडर...**

गए, जिन्हें बाद में रेस्क्यू आपरेशन चलाकर निकाला गया। अमे. रिका और इजरायल के हमले के जवाब में ईरान ने भी ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इन हमलों में इजरायल समेत मिडिल-ईस्ट के 9 देशों को निशाना बनाया गया। ईरान ने इजरायल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व यूएई में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया। ईरान ने दुबई के पाम होटल एंड रिसोर्ट और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला किया। इसके अलावा बहरीन में कई रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम : 13°C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 2 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 45 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 12 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## अमेरिका-इजरायल ने ईरान पर 24 घंटे में 1200 बम गिराए

# सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल की वायुसेना का कहना है कि उसने अमेरिका के साथ संयुक्त हमले में पिछले एक दिन में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। इन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है। उनके ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर शनिवार को 30 मिसाइलों से हमला हुआ था। हमले में उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं। हमले के समय खामेनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे।

इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने शनिवार देर रात खामेनेई के मारे जाने की बात कही थी। इसके कुछ देर बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी उनके मारे जाने का दावा किया था। रविवार सुबह ईरान की सरकारी मीडिया एजेंसी 'तसनीम' और 'फार्स' ने इसकी पुष्टि की। खामेनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि हमने एक महान नेता खो दिया है और पूरा देश शोक मना रहा है।' इधर ईरानी सेना ने कहा कि वह सबसे खतरनाक अभियान की शुरुआत करने जा रही है। इजरायल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया। हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे। इजरायली सेना आईडीएफ ने तेहरान में हमले का फुटेज जारी किया है। इसमें ईरान के रक्षा मुख्यालय समेत कई सरकारी इमारतों को निशाना बनाया गया था। इजरायल के तेल अवीव में मिसाइल के टकराने से जोरदार विस्फोट हुआ। ईरान की राजधानी तेहरान में सुप्रीम लीडर खामेनेई के घर के पास हमला हुआ। ईरान में इजरायली हमले के बाद कई लोग मलबे में दब -शेष पृष्ठ दो पर



- हमले में अयातुल्ला की बेटी-दामाद व बहू-पोती भी मारी गई
- ईरान बोला: खतरनाक बदला लेंगे, 40 कमांडर्स भी मारे गए, ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित की गई
- ईरान का बड़ा पलटवार, ड्रोन और मिसाइलों से इजरायल समेत मिडिल -ईस्ट के 9 देशों को निशाना बनाया



ईरान के हमले के बाद इज़रायल के बेत शेमेश में आपातकालीन प्रतिक्रिया दल घटनास्थल पर राहत कार्य में जुटा।

### अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर ईरान ने दागीं मिसाइलें

**तेहरान।** अमेरिका और इजरायल के साथ बढ़ते सैन्य टकराव के बीच ईरान ने बड़ा दावा किया है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) ने कहा है कि उसने अमेरिकी नौसेना के विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाते हुए चार बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं, यदि यह दावा सही साबित होता है, तो दशकों बाद किसी अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर पर सीधा हमला माना जाएगा। आईआरजीसी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 के तहत अमेरिका और इजरायल के सैन्य ठिकानों पर हमले जारी हैं।

### पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास पर हमला, 12 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के विरोध में पाकिस्तान के कराची में हजारों शिया मुसलमानों ने सड़कों पर प्रदर्शन किया।

माई कोलाची रोड स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पास प्रदर्शन हिंसक रूप ले बैठा और प्रदर्शनकारियों की कानून-व्यवस्था बलों से झड़प हो गई। इजरायल -अमेरिका के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी दूतावास में घुसने की कोशिश की। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों की फायरिंग में 12 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है।

- यूएन ऑफिस में आग लगाई, कतर-दुबई में धमाके
- भारत में 350+ फ्लाइट कैंसिल की गई

### हमलों में ईरान के कमांडर-इन-चीफ, सेना के सात अफसरों की भी मौत

**तेहरान।** इजरायल और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभियान में ईरान का सैन्य नेतृत्व तबाह हो चुका है। इजरायली वायुसेना ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर बम बरसाए, जिसके चलते ईरान को बड़ा नुकसान पहुंचा है। इजरायल सेना (आईडीएफ) ने दावा किया है कि हवाई हमलों में ईरानी रक्षा नेतृत्व के सात वरिष्ठ अधिकारी को मार दिया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने रविवार को घोषणा की है कि ईरान में किए गए सटीक हवाई हमलों में ईरान के रक्षा मंत्री अजीज नासिरजादेह और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के प्रमुख सहित सात वरिष्ठ ईरानी सैन्य कमांडर मारे गए हैं। आईडीएफ ने इन हमलों को ईरान के सैन्य और रणनीतिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने वाला एक बड़ा संयुक्त अभियान बताया है।

### ईरान के पूर्व राष्ट्रपति अहमदीनेजाद की हवाई हमले में मौत

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी सैन्य टकराव के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद इजरायली हवाई हमले में मारे गए हैं।

बताया जा रहा है कि तेहरान में उनके ठिकाने को निशाना बनाया गया, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में भारी तबाही देखी गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार को इजरायली वायुसेना ने तेहरान में एक इमारत पर एयरस्ट्राइक की। इसी इमारत में पूर्व राष्ट्रपति अहमदीनेजाद अपने सलाहकारों और सुरक्षा कर्मियों के साथ मौजूद थे। हमले में उनके कई करीबी सहयोगी और बॉडीगार्ड भी मारे गए। बताया गया कि सुरक्षा में तैनात कुछ लोग ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड यानी आईआरजीसी से जुड़े थे।

### खामेनेई की मौत पर प्रदर्शनों के बाद यूपी में हाई अलर्ट

**लखनऊ।** अमेरिका- इजरायल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद यूपी में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। इस बीच अलग-अलग जिलों में हो रहे प्रदर्शन को देखते उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। इजरायल के हमले और खाड़ी क्षेत्र में बने तनावपूर्ण हालात को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।










### 12वां रोज़ा

#### ईमान के इत्र में मगफिरत की महक है रोज़ा

रमज़ान खुशबुओं का खजाना है। इबादत, परहेजगारी का आस्ताना है। बारहवां रोजा ईमान के इत्र में मगफिरत की महक है। यानी ग्यारहवें रोज़े की फजीलत के बयान में तफसील दी गई है कि अल्लाह से गिड़गिड़ाकर बंदा जब अपने गुनाहों की माफी मांगता है और बुराइयों से बचने के लिए गुजारिश और दुआ करता है, तो यह आखिरत के एकाउंट में मगफिरत की क्रेडिट है। कुरआने पाक में मगफिरत के लिए जिस तक्वा का बार-बार जिक्र किया गया है, सब्र और सदाकत के साथ रखा गया रोज़ा उस तक्वे का एक जुज है।












माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



12वां रोज़ा इफ्तार
02 मार्च सोमवार
सुन्नी...................... 06:21
शिया...................... 06:34
13वां रोज़ा सहरी
03 मार्च मंगलवार
सुन्नी...................... 05:18
शिया...................... 04:23



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# खामनेई की हत्या के विरोध में शिया समाज का प्रदर्शन

## अमेरिका-इजराइल के खिलाफ की नारेबाजी, जुलूस शांतिपूर्वक निकाला, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**शिया मुस्लिमों में अमेरिका के प्रति दिखा जबरदस्त आक्रोश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार की दोपहर नमाज के बाद शिया समाज के लोगों ने इरान के सुप्रीम लीडर अली खामनेई की हत्या के विरोध में शांतिपूर्वक जुलूस निकाला। जुलूस किदवईनगर गंधे कुएं की ओर से चलकर फक्करशाह चौक पर पहुंचा। इस दौरान जुलूस में शोक मना रहे और विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों में सैकण्डों महिलाएं भी शामिल थी। इस दौरान शिया सोगावरों ने गम और गुस्से का इजहार किया और भारत सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए राष्ट्रपति के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान चारो ओर पुलिस प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी मोजूद रहे। अमेरिका-इजराइल हमले के दौरान इरान के सुप्रीम लीडर अली खामनेयी की मौत की खबर से भारत के कोने-कोने में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए और लोगों में शोक छा गया। जनपद मुजफ्फरनगर में भी अली खामनेयी की मौत को लेकर भारी शोक देखा गया। शिया समाज के लोगों ने जोहर की नमाज केबाद किदवईनगर से फक्करशाह चौक तक शांतिपूर्वक जुलूस निकाला। इस दौरान शिया समाज के लोगों का कहना था कि इरान के सर्वोच्च धर्मगुरू और सुप्रीम लीडर अली खामनेयी की अमेरिका और इजराइल द्वारा जालिमाना हमले में अली खामनेयी की मौत हो गई है। उन्होने सीधा-सीधा इजराल और अमेरिका पर हत्या का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया। जुलूस में शामिल सौगवारों के हाथों में अली खामनयी की तस्वीरे थी और उन्होने तस्वीरे लेकर खिरोज-ए-अकीदत पेश की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे लोगों की आंखों में आंसू थे और पूरे ही जुलूस में गमगीन माहौल था।

इस दौरान पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। किदवईनगर से शुरू हुआ जुलूस फक्करशाह चौक तक पहुंचा, लेकिन जुलूस बड़े ही शांतिपूर्वक था बस लोगों की आंखों में आंसू थे और सभी गम का इजहार कर रहे थे। उन्होने एक ज्ञापन पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा जिसमें भारत सरकार से मांग की गई कि निर्दोष लोगों पर हो रही बमबारी को रूकवाया जाए। लोगों का कहना था कि जुलुमों के खिलाफ थे और मजलूमों का साथ दे रहे थे। वह हिन्दू-मुस्लिम सभी के साथ थे। इस दौरान शिया सौगवारों ने कहा कि मुल्क पर ऐसे सैकण्डों और हजारों खामनेयी कुर्बान है। गमजदा लोगों का कहना था कि फिलिस्तिन का साथ देते हुए उनके पूरे खानदान को कुर्बान कर दिया गया। इस दौरान अमेरिका और इसराइल के खिलाफ प्रदर्शन में मुर्दाबाद के नारे गुंजते रहे। इस दौरान प्रदर्शन में मुफ्ती जुल्फिकार अहमद, आसिफ अली, गुलाम अब्बास, हसन नवाब जैदी, ताबिश, हिलाल जैदी, असगर अली, जावेद जैदी आदि मौजूद रहे।

इजराइल-इरान युद्ध के बाद खाडी देशों में जनपद मुजफ्फरनगर के करीब तीस हजार से ज्यादा लोग फंसे होने की संभावना है। जिसके बाद उनके परिजनों की चिंता बढ़ रही है। खाडी देशों में जहां कुछ छात्र पढ़ाई के लिए गए हुए है तो काफी संख्या में लोग खाडी देशों की कम्पनियों में काम कर रहे है। इसी के चलते सभी अपने-अपनों सलामती के लिए दुआ कर रहे है और अपने-अपनों को घर मुजफ्फरनगर बुलाने के लिए परेशान है। काफी संख्या में लोग प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर ऊपर तक सम्पर्क में लगे हुए है ताकि उनके लोग अपने घर पहुंच सके। जैसे-जैसे अमेरिका इजराइल और इरान के संघर्ष के बीच हालात बिगडते जा रहे है वैसे ही लोगों की चिंता बढ़ रही है। बताया जाता है कि जनपद मुजफ्फरनगर के गांव कुटेसरा, बागोवाली, रथैडी, बझेडी, मखियाली, बिहारी, दधेडू, शाहपुर, बुढ़ाना, जानसठ सहित कई कस्बों से लोग खाडी क्षेत्रों में पढाई और काम के सिलसिले से गए हुए है। अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या लाखों में बताई जा रही है और दुबई में भी भारतीय नागरिकों की संख्या लाखों में है। दुबई में करीब बीस लाख मिलियन भारतीय रहते है इसी तरह यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इरान और अमेरिका की छिडी जंग में हजारों छात्र फंसे हुए है। इरान में भारतीय लोगों की संख्या भी करीब चार हजार बताई जा रही है जिनमें करीब पन्द्रह सौ के करीब छात्र है और 1300 के करीब कश्मीरी छात्र बताए जा रहे है। उधर इरान, इजरा. इल और अमेरिका के बढ़ते सैन्य तनाव के चलते भारत सरकार ने वहां फंसे लोगों को सुरक्षित लाने के लिए प्रयास भी शुरू कर दिए है। फिलहाल जब तक वहां की कम्पनी में कार्यरत लोग और पढ़ाई के लिए इरान, ओमान, महरीन, मस्कट, रियाद, दुबई इस अलखेमा व शारजहां में गए छात्रों को लेकर भी परिवार में चिंता बढ़ी हुई है, हालांकि सभी परिवार अपने-अपने लोगों से फोन पर सम्पर्क बनाए हुए है, लेकिन वहां के बिगडते हालात और जंग को देखते हुए चिंता का होना कोई गलत नहीं है।







## संक्षिप्त अपराध समाचार....

### मेडिकल कॉलेज आत्महत्या: पत्र ने खोले सनसनीखेज राज

**मुजफ्फरनगर।** मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को एक्स-रे टैक्निशियन की मौत के बाद जहां इस मामले में एक नया मोड लिया है वहीं मृतक के कमरे से बरामद दो पन्नों के पत्र ने यह सवाल खडे कर दिए है कि आखिर मेडिकल कॉलेज में चल क्या रहा है? पुलिस प्रशासन ही नहीं मेडिकल कॉलेज का मैनेजमेंट भी इस बात को लेकर हैरत में है, हालांकि यहां समय-समय पर आत्महत्या व अन्य घटनाएं होती रहती है, लेकिन टैक्निशियन की मौत के बाद यहां के छात्रों और अन्य स्टॉफ में तरह-तरह के सवाल खडे हो रहे है इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज के बाद चार लोगों को जेल भेज दिया था जहां राजकुमार ने मरने से पहले अपने पत्र में विभाग के ही राहुल त्यागी, दीप सिखा, कालु राम और यंहा की कर्मचारी सीमा पर गंभीर आरोप लगाए थे। पत्र में लिखा है कि यह सभी लोग एक कर्मचारी का लगातार उत्पीडन कर रहे थे। और उसके साथ अभद्र भाषा का भी प्रयोग करते रहे राजकुमार ने जब पीड़ित कर्मचारी का पक्ष लिया तो यह लोग उसके साथ यानि राजकुमार के साथ भी दुर्व्यवहार करने लगे। पत्र में यह भी लिखा कि धमकी दी गई थी यदि उनके खिलाफ मुंह खोला तो उसकी जिन्दगी बर्बाद कर दी जाएगी। मृतक राजकुमार ने पत्र में एक्स-रे और सीआर मशीनसे जुडे कुछ पुराने मामले तथा विभागीय गडबडियों का भी जिक्र किया है राजकुमार ने जो पत्र लिखा उसे पढ़कर पुलिस प्रशासन के अधिकारी ही नहीं यहां के मैनेजमेंट का भी हरकत में है राजकुमार को धमकी दी गई थी उसको भी यहां के विभाग संबंधी मामलों में फंसा दिया जाएगा। जिसके चलते राजकुमार ने मौत का रास्ता चुना। मृतक की पत्नी अंजुल ने भी मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी राहुल त्यागी, दीप सिखा, कालू राम और विभाग अध्यक्ष सीमा पर गंभीर आरोप लगाए है, हालांकि परिजन शव को अपने साथ ले गए थे। पत्र के बाद ही पुलिस और कॉलेज मैनेजमेंट को पता लगा कि कॉलेज की एक वार्ड आया को आरोपी काफी परेशान कर रहे थे जिसके चलते आया को यहां से नौकरी छोडनी पड़ी थी। फिलहाल जेल भेजने के बाद पुलिस ने अपनी जांच को आगे बढा दिया है।

### हाईवे पर लाखों की लूट में तीन दबोचे

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी पुलिस ने एक पख्वाडे बाद हाईवे पर महगे कैमरे और अन्य सामान लूटपाट के मामले में खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें सबसे गंभीर बात यह है कि लूटपाट के मामले में एक कैमरे मैन का हाथ भी बताया जा रहा है।

नई मंडी कोतवाली में प्रेसवार्ता के दौरान सीओ मंडी राजू साव ने जानकारी देते हुए बताया कि तेरह फरवरी को दिल्ली देहरादून हाईवे पर बदमाशों ने कार सवार लोगों से कीमती कैमरे और गिम्बल सैट लूट लिया था। पुलिस ने बताया कि बदमाशों ने करीब बारह लाख का सामान लूटा था, जहां पुलिस ने इस मामले में विपिन निवासी खेडा जानसठ हाल बरोली गौतमबुद्ध नगर, सनी निवासी मुरादनगर गाजियाबाद, हिमांशु गाजियाबाद के रूप में गिरफ्तारी हुई। पुलिस ने इनके पास से सामान बरामद कर लिखापढ़ी के बाद जेल भेज दिया।

### शादी से पहले युवती का हुआ अपहरण

**मुजफ्फरनगर।** मीरांपुर के एक गांव में शादी से पहले युवती का अपहरण कर लिया गया। युवती के भाई की ओर से आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ तहरी में आरोप लगाया गया कि उक्त लोगों ने घर में घुसकर जबरदस्ती युवती का अपहरण किया है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने बताया कि उसकी बहन का रिश्ता हो गया था और ईद के बाद शादी होनी थी, लेकिन विगत दिवस गांव का ही पुन्नू उर्फ नवेद सिंह पुत्र तिरंग सिंह उसको अपहरण करके ले गया है। पुलिस के सामने यह भी आया कि आरोपी पुन्नू उर्फ नवेद मोबाइल द्वारा लडकी को परेशान करता था। घटना के समय परिवार के लोग मजदूरी पर गए हुए थे जहां गैर मौजूदगी मे पुन्नू लडकी को ले गया। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**मुजफ्फरनगर।** कस्बा जानसठ के एक गांव में घर के बाथरूम में नाह रही महिला से छेडखानी और दुष्कर्म के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। घटना के समय महिला घर में अकेली थी और विरोध करने पर आरोपी धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि विगत दिवस दोपहर के समय कस्बे की महिला अपने बाथरूम में नाह रही थी। इस समय उसका पति किसी काम से बाहर गया था जब वह अकेली थी तो इसी समय पडौस का ही अंशुल शर्मा पुत्र राजकिशोर घर में घुस आया और बाथरूम में घुसकर छेडखानी की, ऐसा आरोप पीडित पक्ष ने पुलिस के समक्ष लगाया है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचे घटना की छानबीन की। और आरोपी की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया।

# गढ़ी चौकी इंचार्ज के साथ की गई गाली गलौज

## दबंगों ने बनाया दो सिपाहियों को बंधक, नोटिस तामिल कराने गए थे अपराधी के घर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** दबंगों द्वारा पहले तो दो कांस्टेबलों को बंधक बनाकर उनके साथ गाली गलौज मारपीट कर उनकी हत्या का प्रयास किया गया। उसके बाद सूचना मिलने पर दोनों कांस्टेबलों को बचाने गये गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज को भी दबंगों ने घेरकर उनके साथ गाली गलौज कर उनको भी हत्या की धमकी देकर सरकारी पिस्टल छीनने का प्रयास किया। इंचार्ज ने बड़ी बहादुरी दिखाकर दोनों को पकड़ लिया।

हुआ यूं कि बुढ़ाना कोतवाली के कांस्टेबल राजवीर व कांस्टेबल अनुज गांव लुहसाना में एसडीएम कोर्ट के निर्देश पर गांव के पूर्व अपराधी राजन पुत्रा मदनपाल के एसडीएम कोर्ट से निर्गत नोटिस के अन्तर्गत धारा- 130 बीएनएसएस की तामील कराने व यक्ष एप पर पफीडिंग करने आये थे तो पूर्व अपराधी राजन के भाई नरेन्द्र व एक अन्य युवक ने दोनों कांस्टेबलों संग गाली गलोच कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाकर हत्या की नीयत से मारपीट शुरु कर दी।

जैसे तैसे कर कांस्टेबल राजव. ीर ने हमले की जानकारी फोन पर गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कसाना को दी तो वे घटना को अपने उच्चाधिकारियों को बताकर हैड कांस्टेबल मनोज, हरीश पाल सिंह व कांस्टेबल इस्पफाक के साथ लुहसाना पहुंचे तो दोनों दबंग उनके सामने भी दोनों पुलिसकर्मियों को जमीन पर गिराकर लाठी सरिए से हत्या की नीयत से पीट रहे थे। चौकी इंचार्ज ने दबंगों के कब्जे से दोनों पुलिसकर्मियों को छुड़ाने की को. शिश की तो दबंगों की हिम्मत देखिए उन्होंने आगबबूला होकर दोनो पुलिसकर्मियों का गला दबाकर पिटाई की। चौकी इंचार्ज व अन्य पुलिसकर्मियों ने दोनों को छुड़ाने की कोशिश की तो दबंगों ने चौकी इंचार्ज ललित कसाना संग भी गाली गलौज कर उनको भी हत्या की धमकी देकर उनके सरक. ारी पिस्टल को छीनने का प्रयास किया।

कुछ देर बाद मौके पर और भी पुलिस बल आ गया और दोनों दबंगों को पकड़ लिया। दोनों के नाम नरेन्द्र उपर्फ सरदार पुत्रा मदनपाल निवासी ग्राम लुहसाना और अक्षय पुत्रा नरेश निवासी रघुनाथपुर चिलकाना सहारनपुर हैं।

# धनसनी में किसान पर हमला सड़क दुर्घटना में कई घायल

**शाह टाइम्स संवादाता**

**मुजफ्फरनगर।** तितावी क्षेत्र के गांव धनसनी में खेत पर जा रहे किसान पर जानलेवा हमला कर दिया गया। आरोपियों ने जंगल में रास्ते में रोका और हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बताया जाता है कि गांव धनसनी निवासी पुष्पेन्द्र खेत में काम करने के लिए जा रहा था इसी बीच गांव के ही कुछ लोगों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह लहुलूहान होकर नीचे गिर पडा। चीख पुकार सुनकर खेतों मे काम कर रहे ग्रामीण मौके की ओर दौडे और घायल की जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया।

वहीं दूसरी और हाईवे के मंस. ूरपुर क्षेत्र में ट्रेक्टर की टक्कर से डबल डेकर बस खाई में गिर गई जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए है। बताया जाता है कि यात्रियों से भरी डबल डैकर बस आगे चल रही थी जहां अचानक ही ट्रैक्टर ट्रॉली से भिडंत होने के कारण बस खाई में जा गिरी। घटना के बाद यहां चीख-पुकार शुरू हो गई। इस घटना में बस चालक नेपाल सहित करीब आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए है प्रत्यदर्शियों का कहना है कि दोनो वाहनों की गति तेज थी और संतुलन बिगडने के कारण घटना हुई है। पुलिस ने और डायल 112 ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया है।

# एसएसपी ने नगर व कस्बों में किया फ्लैग मार्च

**मुजफ्फरनगर।** इरान, इजराईल और अमेरिका के बीच छिडी जंग के मद्देनजर जनपद में जहां हाई अलर्ट कर दिया गया वही रमजान और होली के त्यौहार के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ फ्लैग मार्च किया। उन्होने क्षेत्र में होलिका दहन के स्थलों का भी निरीक्षण किया।

बता दे कि इरान, इजराइल जंग के बाद जहा हाई अलर्ट कर दिया गया था वहीं शिया समुदाय के प्रदर्शन को देखते हुए फक्करशाह चौक व नगर के कुछ क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। शाम के समय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा व एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत व प्रशासनिक अधिकारियों ने कई स्थानो पर फ्लैग मार्च निकाला। शिव मूर्ति से लेकर मंसूरपुर व अन्य क्षेत्रों में भी अधिकारी फ्लैग मार्च करते हुए दिखाई दिए।

इतना ही नहीं अधिकारियों ने होली दहन स्थल का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसएसपी ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि त्यौहर को शांतिपूर्वक बनाए और शरारीतत्वों की सूचना पुलिस को दे। इस दौरान खुफिया विभाग भी मौजूद रहा।



मुजफ्फरनगर: राजवंश सभा की महिलाएं सज धज कर होली खेलती हुई।

# कामान्ध युवक ने गूंगे किशोर के साथ किया अप्राकृतिक कुकर्म

**बुढ़ाना।** एक कामान्ध युवक ने ईंख के खेत में ले जाकर एक गूंगे किशोर के साथ अप्राकृतिक कुकर्म किया। परिजनों ने जब अपने बच्चे के चीखने चिल्लाने की आवाज़ सुनी तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे तो आरोपी परिजनों को हत्या की धमकी देकर भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के निवासी ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसका लगभग 11 साल का पुत्र जो कि गूंगा है उसको बीती 28 फरवरी को दोपहर के समय गांव इटावा का निवासी अर्जुन पुत्र हरपाल गांव से बाहर बहला फुसलाकर ले गया और ईंख के खेत में ले जाकर उसके साथ अप्राकृतिक कुकर्म करने लगा। उसी दौरान मै तथा मेरी सास और परिवार के अन्य सदस्य बाजार से सामान लेने जा रहे थे तो हमे अपने लडके के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी तो हम ईंख के खेत की तरफ गये। हमे देखकर अर्जुन हमें जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। पीड़ित ने बुढ़ाना पुलिस से आरोपी अर्जुन के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने फरार आरोपी अर्जुन के खिलाफ मामला दर्ज कर फरार अर्जुन की तलाश शुरु कर दी। वहीं बुढ़ाना पुलिस ने पीडित किशोर का मेडिकल परीक्षण भी करवाया है।

# हास्य व्यंग्य से भरपूर रही व्यापारियों की होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की नई मंडी उद्योग व्यापार मंडल इकाई द्वारा नई मंडी स्थित बड़ी धर्मशाला में भव्य होली मिलन समारोह एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन अनुराग सिंगल व अमित राय जैन ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंघल आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया इस अवसर पर राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने उपस्थित सभी व्यापारियों को होली की शुभकामनाएं दी वहीं भाजपा नेता गौरव स्वरूप व व्यापारी नेता संजय मित्तल वह सुनील सिंघल ने अपनी गायकी व चुटकुलों से उपस्थित भारी जन समूह को ताली बजाने पर विवश कर दिया बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने भारी उपस्थित जन समूह को संबोधित करते होली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी तथा कहां की है रंगों का त्यौहार है सभी आपस में मिलजुलकर इस त्यौहार को मनाये कार्यक्रम में सरप्राइज गिफ्ट मोटे पतले का गिफ्ट जिसकी जेब में 1 का नोट हो तथा पांच का नोट हो जिसकी कमीज में बटन सबसे ज्यादा हो जिसकी जुराब फटी हुई हो ऐसे अनेकों गिफ्ट उपस्थित लोगों को वितरित किए गए मुख्य रूप अशोक बाटला बिव दीप गोयल पवन बंसल सुरेंद्र अग्रवाल इंदर सेन बिंदल, राजेंद्र सिंघल, आशुतोष गुप्ता, मुदित जैन, जयपाल शर्मा, प्रमोद त्यागी, नीरज शर्मा, जयपाल शर्मा, राजेश गोयल, सुरेंद्र बंसल श्याम सिंह सैनी विवेक गर्ग विपिन गोयल बृज गोपाल झरिया ख्रष्णपाल धारा सिंह पाल सुभाष मित्तल अशोक जैन विपिन मित्तल अभिषेक कुचल लवी गोयल पुनीत सिंघल भारत भूषण मनोज कुमार राकेश गोयल मामा गोयल नवनीत गोयल सहित काफी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।




# स्मार्ट मीटर: बिना बताए आपूर्ति ठप्प, रोष

**शाह टाइम्स संवादाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों में भारी आक्रोश बन रहा है, हालांकि मीटर लगने से पहले भी लोगों ने इसका विरोध किया था और अब जब मीटर लगने के बाद विद्युत सप्लाई चालू हुई तो लोगों ने एक ओर जहां अधिक बिल आने की शिकायत की तो वहीं अचानक बिजली कट जाने पर भी रोष जताया। शनिवार को कई उपभोक्ता नगर पालिका पहुंचे और उन्होने अचानक बिजली कट जाने का पूर जोर विरोध किया यहां पहुंचे आकाश अग्रवाल, हर्षित व अन्य लोगों ने जहां अधिक बिल आने का आरोप लगाया तो इस पर भी भारी रोष जताया कि त्यौहार के समय उनकी अचानक ही बिजली काट दी गई। बताया जाता है कि ऑटोमेटिक सिस्टम के चलते बिजली न जमा करने पर उपभोक्ता की सप्लाई बंद कर दी जाती है। उपभोक्ताओं ने इस पर भी रोष जताया कि वह शिकायत लेकर जब अधिकारियों के पास पहुंचे तो कर्मचारियों ने गेट बंद कर दिए और अधिकारी भी नदारद मिले। कुछ उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि जिस व्यक्ति का पांच सौ रूपये का बिल है उसकी सप्लाई पन्द्रह सौ रूपये जमा करने के बाद सप्लाई चालू की गई है यानि के तीन गुना जमा करने के बाद ही विद्युत सप्लाई चालू होगी। कुल मिलाकर स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों को आज परेशानी का सामना करना पड़ा। आंकडे देखे जाए तो गांधी कॉलौनी सहित आसपास के क्षेत्र में करीब 600 उपभोक्तओं विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई थी। लोग भारी संख्या में जहों गांधी कॉलौनी बिजली घर की ओर दौडे तो कुछ लोग नगर पालिका में अधिकारियों से मिलने के लिए कई घंटे खडे रहे।

## विदेशी हालात के चलते दुबई जाने का सपना टूटा, टिकट रद्द होने से परिवार में मायूसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** क्षेत्र के युवाओं का बेहतर रोज़गार की तलाश में विदेश जाना अब आम बात हो गई है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय हालात कई बार उनके सपनों पर अचानक ब्रेक लगा देते हैं। ऐसा ही मामला क्षेत्र के गांव मंसूरा के एक युवा के साथ सामने आया, जिसका दुबई जाकर काम करने का सपना फिलहाल अधूरा रह गया।

गांव मंसूरा निवासी युवक सुखविंदर सिंह अपने परिवार की जिम्मेदारी निभाने के लिए दुबई में वेल्डर मिस्त्री का काम करने के लिए जाने की तैयारी कर चुका था। उसका टिकट भी हो चुका था और घर में एक तरफ जहां खुशी का माहौल था कि अब आमदनी बढ़ेगी, वहीं अपनों से दूर जाने का गम भी था। इसी बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने युद्ध जैसे हालात पैदा कर दिए। क्षेत्र में फैली खबरों के मुता. बिक हालात बिगड़ने के बाद सुरक्षा कारणों से कई देशों में एयर सेवाओं पर असर पड़ा। बताया गया कि संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब समेत अन्य खाड़ी देशों में उड़ानों को एहतियातन रोका गया, जिसके चलते यात्रियों के टिकट रद्द कर दिए गए।

### परिवार के लिए जाना था, लेकिन हालात ने रोक दिया सुखविंदर

सुखविंदर सिंह ने बताया कि वह वेल्डिंग का काम करने दुबई जाने वाला था ताकि अपने बच्चों का बेहतर तरीके से पालन-पोषण कर सके। उन्होंने कहा,

सब तैयारी पूरी थी, टिकट भी हो चुका था, लेकिन अचानक हालात बिगड़ गए और शनिवार देर रात एयरलाइन ने सभी टिकट कैंसिल कर दिए, जिसमें मेरा टिकट भी शामिल है। अब जब स्थिति सामान्य होगी तभी दोबारा जाने के बारे में सोचेंगे। परिजनों के अनुसार विदेश जाने से पहले जहां आर्थिक उम्मीदें बढ़ गई थीं, वहीं टिकट रद्द होने से अब चिंता का माहौल है। परिवार का कहना है कि रोज़गार के सीमित अवसरों के कारण ही युवा विदेश जाने को मजबूर होते हैं।

# ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या के विरोध में गंगेरू में उबाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** अमेरिका और इजरा. इल की ओर से ईरान पर किए गए हमले तथा वहां के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई लोगों की हत्या की खबर के विरोध में क्षेत्र के गांव गंगेरू में मुस्लिम समुदाय के लोगों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। घटना की जानकारी मिलते ही समुदाय के लोग एकजुट हो गए और गांव में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने अपनी दुक. ानें बंद रखीं और बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। बड़ी संख्या में लोग कर्बला के मैदान में एकत्रित हुए और अमेरिका व इजराइल की कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह हमला मानवता के खिलाफ है और इससे पूरी दुनिया में अशांति का माहौल बन सकता है। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या को वह धर्म के लिए दी गई शहादत मानते हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मामले में हस्तक्षेप कर ऐसी घटनाओं को रोकने की मांग की। लोगों ने कहा कि किसी भी संप्रभु देश पर इस प्रकार का हमला वैश्विक शांति के लिए खतरा है। गांव में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए प्रशासन भी सतर्क नजर आया। किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। इस दौरान इस्तखार हुसैन, फरहत हुसैन, मंजर अब्बास, वसी हैदर, इजहार हुसैन, सादिक, नजर अब्बास, इंतखाब हुसैन, रिहान जैदी, अफसान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### ईरान के हमले की खबर से खाड़ी देशों में काम कर रहे भारतीयों के परिजनों में बढ़ी बैचेनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** ईरान की ओर से खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी एयर बेस पर किए गए हमले की खबर के बाद जहां खाड़ी देशों में हलचल है, वहीं वहां नौकरी कर रहे भारतीयों के परिजनों में भी चिंता बढ़ गई है। हालांकि अपनों से फोन पर बात होने के बाद परिवारों ने राहत की सांस ली है।

शनिवार को ईरान द्वारा खाड़ी देशों में स्थित अमेरिका के एयर बेस पर हमले की सूचना के बाद विदेशों में कार्यरत युवकों के परिवारों में बेचौनी फैल गई। मोहल्ला पटना निवासी शेर अफगान ने बताया कि उनका पुत्र ओसामा खान पिछले लगभग छह वर्षों से सऊदी अरब की राजधानी रियाद में नौकरी कर रहा है। रियाद में हमले की खबर सुनकर परिवार चिंतित हो गया था, लेकिन रविवार सुबह फोन पर बात होने के बाद सुकून मिला। ओसामा ने बताया कि अमेरिकी एयर बेस रियाद शहर से काफी दूरी पर है और वहां सामान्य स्थिति बनी हुई है। रोजमर्रा की तरह लोग अपने कामों में व्यस्त हैं और किसी तरह की अफरा-तफरी नहीं है। कस्बे के अन्य युवक भी खाड़ी देशों में कार्यरत हैं।

उनके परिजनों का कहना है कि वहां हालात सामान्य हैं और किसी प्रकार का तनावपूर्ण माहौल नहीं है। खुर्शीद आलम ने बताया कि उनका बेटा रियाद से लगभग 400 किलोमीटर दूर कार्यरत है और वहां भी स्थिति पूरी तरह सामान्य है। परिजनों ने बताया कि लगातार संपर्क बनाए रखा जा रहा है और फिलहाल किसी प्रकार की घबराहट की स्थिति नहीं है।

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र में नाबा. लिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में थानाभवन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गत तीन दिन पूर्व 26 फरवरी को पीड़िता के परिजनों द्वारा थाना थानाभवन पर नामजद तहरीर देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। मामले में रविवार को थानाभवन थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत ने पुलिस टीम हेड कांस्टेबल नितेन्द्र राठी, हेड कांस्टेबल शाहनवाज, कांस्टेबल आकाश जैनर कर साथ कार्रवाई करते हुए मामले मे दो आरोपियों नीरज पुत्र रमेश निवासी ग्राम चंदेनामाल, थानाभवन व अनिकेत उर्फ अंकुश पुत्र सुशील निवासी ग्राम लुण्डी, रामपुर मनिहारान, जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# पीस कमेटी की बैठक में हुई भाईचारे की अपील




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** आगामी होली, रमजान और ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में कैराना कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिकों और धर्मगुरुओं के साथ संवाद कर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम निधि भारद्वाज ने की। इस दौरान सीओ हेमंत कुमार और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री मौजूद रहे। अधिकारियों ने विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों से संभावित समस्याओं और चुनौतियों के बारे में जानकारी ली तथा संबंधित विभागों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सफ़-स्फ़ाई, बिजली व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंध दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देते हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और यदि कोई भ्रामक सूचना मिलती है तो उसकी पुष्टि प्रशासन या पुलिस से अवश्य करें। एसडीएम ने बैठक में नगर पालिका परिषद कैराना के अधिशासी अधिकारी (ईओ) की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी। अधिकारियों ने अपील की कि सभी नागरिक एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करें और आपसी भाईचारे की परंपरा को मजबूत बनाए रखें। किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न देने तथा उसकी पुष्टि सीधे प्रशासन या पुलिस से करने को कहा गया। सीओ हेमंत कुमार ने कहा कि होली के दौरान हिंदू समुदाय के लोग मर्यादा बनाए रखें और मुस्लिम समुदाय के लोग संयम रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी मुस्लिम युवक पर रंग पड़ता है तो वह स्वयं विवाद करने के बजाय प्रशासन या पुलिस से शिकायत करे। उन्होंने कहा कि यदि किसी के कपड़ों पर रंग गिर जाता है तो वह उनसे संपर्क करे, उसे नया कुर्ता दिलाया जाएगा। सीओ ने कोतवाली प्रभारी को निर्देश दिए कि बैठक में अनुपस्थित समुदाय प्रति. निधियों को नोटिस जारी कर भविष्य में उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। बैठक में अपराध निरीक्षक योगेंद्र सिंह, पालिका सफाई लिपिक असलम अंसारी, बिजली विभाग के जेई अजय शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अखलाक प्रधान, सभासद शगुन मित्तल, संजू वर्मा, अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### वाहन चेकिंग अभियान में युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के आदेशानुसार तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निर्देशन में यह अभियान संचालित किया जा रहा था। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली, जिसमें उसके कब्जे से एक अवैध छुरा बरामद हुआ।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान विनोद पुत्र प्रकाश, निवासी ग्राम मसावी, थाना थानाभवन, जनपद शामली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को मौके से ही हिरासत में लेकर थाने लाया। इस संबंध में थाना थानाभवन पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी

### सट्टा लिखते दो आरोपी गिरफ्तार

**थानाभवन।** जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना थानाभवन पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने सट्ठा लिखते हुए दो आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

थाना थानाभवन के प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देशानुसार जनपद में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर दो व्यक्तियों को सट्टा लिखते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान असगर पुत्र अकबर निवासी मोहल्ला हाफिज दोस्त तथा शाहनवाज पुत्र हनीफ निवासी मोहल्ला सैय्यादान, मुल्लापुर रोड, थाना थानाभवन के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 830 रुपये नकद, एक पेन एवं सटा पर्चियां बरामद की हैं। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना थानाभवन पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जनपद में अपराध और अवैध कारोबार के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### हंगामा करने से रोका तो नशेड़ियों ने किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** क्षेत्र के अब्दानगर गांव में शराब के नशे में हंगामा कर रहे युवकों ने विरोध करने पर दुकानदार पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। गांव में कुछ युवक शराब पीकर हंगामा कर रहे थे। हंगामा करते-करते वे एक दुकान के सामने पहुंच गए और शोर-शराबा करने लगे। दुक. ानदार ओमवीर पुत्र रकम सिंह ने उन्हें समझाते हुए कहा कि दुकान के सामने हंगामा न करें और वहां से चले जाएं, लेकिन नशे में धुत युवकों ने उनकी एक नहीं सुनी। आरोप है कि इसी दौरान युवकों ने ओमवीर पर ईंट से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गए। घटना के बाद घायल दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा ब्लॉक कैराना की एक महत्वपूर्ण बैठक 28 फरवरी को ग्राम तित्तरवाड़ा स्थित सेंट पी.एन. पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित हुई। बैठक में संगठन के विस्तार और नए पदाधिकारियों की नियुक्ति पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्र कुमार शर्मा के निर्देशन में हुई। ब्लॉक संरक्षक एवं जिला संगठन मंत्री अफजल अहमद सैफी ने अपने संबोधन में कहा कि महासभा का दायरा बढ़ाकर अधिक से अधिक विद्यालयों को जोड़ा जाए, ताकि शिक्षकों की समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव हो सके। उन्होंने संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। ब्लॉक अध्यक्ष सोनू कुमार और ब्लॉक महासचिव याकूब अली ने भी संगठन को मजबूत करने और नए सदस्यों को जिम्मेदारी देने पर बल दिया। इस दौरान जिला अध्यक्ष चंद्र कुमार शर्मा व जिला महासचिव हरेंद्र राणा की मौजूदगी में संगठन विस्तार का कार्य संपन्न कराया गया।

### नहर में गिरी बाइक, 14 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी 14 वर्षीय किशोर की नहर में डूबने से मौत हो गई। किशोर की बाइक का संतुलन बिगड़ने से वह पुलिया के समीप नहर में जा गिरा। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। रविवार को गांव गंगेरू निवासी उमर अब्बास का 14 वर्षीय पुत्र उमैर घर से बाइक लेकर घसौली-गंगेरू मार्ग की ओर गया था। जैसे ही वह मार्ग स्थित पुलिया के पास पहुंचा, अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक समेत नहर में जा गिरा। पानी मे किशोर डूब गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। राहगीरों ने मामले की पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी विक्रम भाटी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों की मदद से किशोर को नहर से बाहर निकाल कर सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। और शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया और रो-रोकर उनका बुरा हाल हो गया। परिजनों ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है।

### राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक, क्षेत्र में खुशी की लहर

**चौसाना।** 27 फरवरी से एक मार्च 2026 तक तमिलनाडु राज्य के सलेम जनपद में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में देशभर से आए पहलवानों ने भाग लिया। कड़े मुकाबलों के बीच गांव दथेड़ा निवासी अनंत बड़सर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 75 किलोग्राम भार वर्ग में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया। कठिन दंगल में जीत दर्ज कर उन्होंने यह उपलब्धि प्राप्त की। अनंत बड़सर की सफलता से गांव दथेड़ा में उत्सव जैसा माहौल है। सितम सिंह, रामपाल, विनोद, शुभम आदि ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के कई पहलवान पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं और अब अनंत ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया है। सीमित संसाधनों के बावजूद निरंतर अभ्यास और कड़ी मेहनत के दम पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। परिजनों ने बताया कि अनंत प्रतिदिन अखाड़े में अभ्यास करता था और अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन में तैयारी कर रहा था। उसकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के बच्चों और युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ा है।

# व्यापार मंडल के सम्मान समारोह में एसपी ने दिया सुरक्षा भरोसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के जैन स्थानक भवन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल कांधला इकाई द्वारा सम्मान समारोह एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला, क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार तथा थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत भाषण के साथ किया गया।

व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि सहित सभी पुलिस अधिकारियों का फूलमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान सभागार में बड़ी संख्या में नगर के व्यापारी मौजूद रहे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नगर में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। किसी भी व्यापारी के साथ अपराध या उत्पीड़न की घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी को कोई समस्या है तो वह सीधे पुलिस से संपर्क करे, तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वह सीसीटीवी कैमरे लगवाएं, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें और साइबर अपराधों से सतर्क रहें।अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला ने कहा कि पुलिस और व्यापारियों के बीच समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार ने भी व्यापारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक सुझाव दिए और सहयोग की अपेक्षा जताई। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नगर में बढ़ती भीड़भाड़, यातायात व्यवस्था और बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपने सुझाव पुलिस अधिका. रियों के समक्ष रखे। इस अवसर पर व्यापारी पवन कंसल, रोहित गुप्ता, डा. रश्मिकांत जैन, मोहनलाल चावला, अरविंद कंसल, दीपक गुप्ता, अमन मित्तल, जहांगीर, प्रतिभा उर्फ सिमरन, सुधा तोमर सहित अनेक गणमान्य व्यापारी उपस्थित रहे।

### दो बाइको की टक्कर में तीन युवक घायल

**कांधला।** थाना के एलम बाईपास मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे मे तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक मोटरसाइकिल सवार युवक को पीछे से तेज गति से आ रही दूसरी बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर मारने वाले युवक नशे की हालत में बताए जा रहे हैं। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर किया है। शनिवार देर शाम विकास पुत्र ओमपाल निवासी ग्राम कासिमपुर खेड़ी, थाना रमाला, अपनी मोटरसाइकिल से शामली से बिराल की ओर जा रहा था। बाइक सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर पहुंचा तो पीछे से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी मोटरसाइकिल ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। टक्कर मारने वाली बाइक पर बबीत पुत्र ओमप्रकाश व रविंद्र पुत्र राजवीर सिंह निवासी छपरौली, जिला बागपत सवार थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।आसपास के लोगों ने डायल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस व घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर ले गए। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मामले में अभी तक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है तहरीर आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# सपाइयों ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

## हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की पेश की अनोखी मिसाल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** चौधरी ताराचंद फार्म हाउस पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओ के नेतृत्व में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में भाईचारे, सद्भाव और एकता की मिसाल पेस की।

थाना भवन नगर में स्थित चौधरी ताराचंद फार्म हाउस पर रविवार को भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रधान देशपाल सैनी, राहुल सैनी एवं पुनीत सैनी ने संयुक्त रूप से क्षेत्रवासियों का स्वागत किया। किसान इंटर कॉलेज के पास आयोजित इस कार्यक्रम में हिंदू-मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित राहुल सैनी ने क्षेत्र से आए सैकड़ों गणमान्य व्यद्रियों का आभार व्यद्र करते हुए सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि होली का यह रंगों का त्योहार सिर्फ उमंग और खुशियों का प्रतीक ही नहीं, बल्कि हिंदू-मुस्लिम भाईचारे और सामाजिक एकता का सर्वोत्तम संदेश देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी समुदाय आपसी प्रेम, तालमेल और सौहार्द के साथ इस पावन पर्व को मनाएं, क्योंकि यही हमारा समाज और देश की असली पहचान है। कार्यक्रम में क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता, युवा वर्ग, व्यापारियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और शहरी नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक दूसरे को ऊपर फूल बरसाकर होली की बधाइयां दीं और भाईचारे की मिसाल पेश की इस मौके पर रामनरेश महाराज, ठाकुर जयप्रकाश सिंह, ठाकुर मुन्ना सिंह, चौधरी हरवीर सिंह प्रधान, चौधरी हरेंद्र भूटो, शानू प्रधान, रूप सेन, जय सिंह सैनी, प्रमोद त्यागी, प्रधान चौधरी जगपाल, शिवकुमार रोड, जय सिंह सैनी चेयरमैन आदि सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ओयो होटल की आड़ में कथित देह व्यापार का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र में संचालित ओयो होटलों मे स्थानीय लोगों व सूत्रों का आरोप है कि होटल की आड़ में कथित रूप से देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है। हालांकि इन आरा. ेपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन क्षेत्र में इसको लेकर आक्रोश व्याप्त है और मामला उच्च स्तर तक पहुंच गया है। सूत्रों के अनुसार होटल में आने वाले ग्राहकों को पहले युवतियों की फोटो दिखाई जाती है और पसंद के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है। सूत्रों का कहना है कि एलम के एक होटल में दो दिन पूर्व एक युवक और युवती कमरे में आपत्तिजनक अवस्था में पाए जाने की चर्चा है। आरोप है कि इस दौरान संबंधित लोगों से भारी नगदी लेकर मामला रफा-दफा कर दिया गया। हालांकि इस प्रकरण में अभी तक कोई लिखित शिकायत सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आई है।कस्बे के कई लोगों का कहना है कि होटलों में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की चर्चा है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से सवाल खड़े हो रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है की शिकायत के बावजूद ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे, जिससे अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। मामले में कई लोगों ने एंटी करप्शन विभाग, पुलिस अधिकारियों तथा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर क्षेत्र के सभी होटलों को बंद कराने की मांग की है। जब इस संबंध में पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया गया तो उनका कहना था कि यदि कोई ठोस साक्ष्य या लिखित शिकायत प्राप्त होती है तो जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि बिना प्रमाण के लगाए गए आरोपों की भी जांच की जाएगी, ताकि सच्चाई सामने आ सके। फिलहाल कस्बे में इस मुद्दे को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय नागरिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### विधवा को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कैराना।** थाना कैराना क्षेत्र में विधवा महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गत शनिवार को पीड़िता विधवा महिला ने थाना कैराना में नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया था कि एक युवक ने उसे शादी का भरोसा देकर दुष्कर्म किया हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी। अभियान के तहत रविवार को पुलिस ने वांछित आरोपी समीर पुत्र नईम निवासी मोहल्ला अफगानान, थाना कैराना, जनपद शामली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक गौरव चौहान, हेड कांस्टेबल जितेंद्र और कांस्टेबल भानु शामिल रहे।

# मेले को लेकर एसडीएम व सीओ का यमुना नदी किनारे निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** रंगो के त्यौहार होली फाग पर शाहजहांपुर यमुना नदी किनारे 4 मार्च लगने वाले एक दिवसीय मेले को लेकर एसडीएम सदर सुबोध सिंह ,सीओ नकुड रुचि गुप्ता, ने यमुना नदी का किया निरीक्षण कर संबंधित आवश्यक निर्देश दिए।

अधिकारियों ने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों सहित संभ्रांत व्यक्तियों से बैठक कर मेले के संबंध में जानकारी लेते हुए मेले से पूर्व सभी तैयारियां पूरी करने के लिए कहा गया।

इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवेश कुमार शर्मा, चौकी प्रभारी शाहजहांपुर सौरभ यादव, लेखपाल आकाश कुमार सहित क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

फाग पर लगने वाले मेले पर प्रति वर्ष क्षेत्र सहित, हरियाणा राज्य,एवं दूरदराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना एवं स्नान के लिए लिए यमुना तट पर पहुंचते है। यमुना नदी में कई स्थानों पर पानी की गहराई अधिक होने के कारण बल्लियों से बैरिकेटिंग कराई जाती है।जिससे यमुना में पूजा अर्चना एवं स्नान को आने वाले श्रद्धालु पानी की गहराई की ओर न जाए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ,पीएसी बल के जवान, फायर बिग्रेड, गोताखोरों कि टीम रहती है मौजूद। लाउड स्पीकर के माध्यम से भी एलाउंसमेट कर श्रद्धालुओं को यमुना नदी की गहराई की ओर जाने से रोका जाता है।

# दो दुकानों के शटर उखाड़ चोरी की घटना को दिया अंजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चिलकाना।** क्षेत्र के ग्राम पटनी में अज्ञात चोरों द्वारा दो दुकानों के शटर उखाड़कर चोरी की घटना को अंजाम दे दिया गया। पीड़ित दुक. ानदारों द्वारा थाना पर तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव पटनी में अज्ञात चोरों ने देर रात के समय दो दुकानों को अपना निशाना बनाते हुए शटर उखाड़कर अन्दर रखा सामान चोरी कर लिया। रविवार की सुबह जैसे ही पीड़ित दुकानदार अपनी दुकान खोलने आये तो शटर उखडे तथा अन्दर रखा सामान गायब मिला। पीड़ित दुक. ानदार दानिश पुत्र इरफान निवासी ग्राम पटनी ने थाना पर तहरीर देकर बताया कि वह गांव में ही खुर्शीद की मार्किट में किराये की दुकान लेकर वैल्डिंग का काम करता है। शनिवार

**सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो पता चली घटना, थाने में दी तहरीर**

को देर शाम के समय मार्किट के सभी दुकानदार अपनी अपनी दुकान बंद करके घर चले गये तथा रविवार की सुबह लगभग साढ़े सात बजे रोजमर्रा की भांति जैसे ही वह दुकान खोलने के लिए अपनी दुकान पर आया तो उसकी व उसके पड़ौसी शाहवेज पुत्र शराफत की टूर एंड ट्रैवल की दुकान के शटर उखडे हुए थे तथा अन्दर रखा हुआ सामान गायब था।

पीड़ित ने बताया है कि अज्ञात चोरों द्वारा उसकी दुकान से तार व वैल्डिंग मशीन चोरी कर ली। वहीं पड़ोसी शाहवेज की दुकान से इन्वर्टर, बैंटरा, लैपटॉप, प्रिंटर व कम्प्यूटर सिस्टम आदि चोरी कर लिया गया।

# शहादत पर की दुआ ए मगफिरत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर में शिया समुदाय के लोगों ने ईरान के सुप्रीम लीडर सैय्यद अली खामनाई साहब की शहादत पर मजलिस का आयोजन किया। मजलिस में उनके लिए दुआएं मगफिरत की गई और उनकी शहादत को कर्बला की जंग से ली गई सीख बताया गया।

मोहल्ला हामिद हसन स्थित बड़े इमामबारगाह मजहरे कर्बला में सैय्यद अली खामनाई की शहादत पर आयोजित मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना गमखार हैदर ने सुप्रीम लीडर सैय्यद अली खामेनेई साहब की शहादत का जिक्र किया। उन्होंने कहा अगर खामेनेई चाहते तो वह अपना मुल्क छोड़कर कहीं पर भी जाकर अपनी जान बचा सकते थे। लेकिन उन्होंने वहीं अपने मुल्क में रुककर अपने मुल्क की हिफाजत करते हुए अपनी शहादत दी। उन्होंने यह सीख कर्बला की जंग से ली, कर्बला की जंग यही सीख देती है कि हक की राह में जान तो दी जा सकती है लेकिन जुर्म के सामने सर नहीं झुकाया जा सकता। मर्सिया खानी तासीर ने पढ़ा। सोगवार सदर अली इमाम, तारीफ हुसैन, मूसा इमाम, जैनुल आबेदीन, तहरीर अब्बास नकवी, आजम, मुकर्रम, शोबी, कल्बे हैदर, समर अब्बास, कमर अब्बास, नाजिम, शरिक, बासी, रियाज, मेहदी आदि मौजूद रहे।

# बाजारों में गुलाल की खुशबू, पिचकारियों की रही रौनक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** बाजारों में होली के पर्व को लेकर जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है जैसे-जैसे पर्व नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे बाजारों की चमक और भी बढ़ती जा रही है मेन बाजार, पंजाबी मार्केट और ज्योति किरण तिराहे पर स्थित दुकानों पर रंग-बिरंगे गुलाल, अबीर और आकर्षक पिचकारियों की सजावट ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।

दुकानों पर लाल, गुलाबी, पीले, हरे और नीले रंग के गुलाल की भरमार है हवा में रंगों की खुशबू और उत्सव का जोश स्पष्ट महसूस किया जा सकता है बाजारों में बच्चों के लिए इस बार पिचकारियों की बड़ी रेंज देखने को मिल रही है दुकानों पर कार्टून आकृतियों वाली पिचकारियां टैंक के आकार की बड़ी पिचकारियां सुपरहीरो डिजाइन वाली पिचकारियां और पारंपरिक धातु व प्लास्टिक की पिचकारियां बच्चों को खूब लुभा रही हैं दुकानदारों ने बताया कि इस बार बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते हुए रंग-बिरंगी संगीत बजाने वाली और पानी बचाने वाली नई पिचकारियों को भी बाजार में लाया गया है त्योहार जैसे-जैसे करीब आ रहा है बाजारों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ती जा रही है लोग अपने परिवार के साथ खरीदारी करने निकल रहे हैं।

महिलाएं रंग और गुलाल खरीदने में व्यस्त हैं, वहीं बच्चे पिचकारियां और रंगीन टोपी चुनते नजर आ रहे हैं दुकानदारों के चेहरों पर भी उत्साह झलक रहा है उनका कहना है कि इस बार मौसम सुहावना है और त्यौहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है जिससे बिक्री भी अच्छी होने की उम्मीद है दुकानदार सचिन ने बताया कि 4 मार्च को होली का पर्व है और हर साल की तरह इस बार भी कस्बे और आसपास के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोग हमारी दुकानों पर रंग गुलाल और पिचकारियां खरीदने आते हैं बच्चों को खास तौर पर नई डिजाइन की पिचकारियां बेहद पसंद आ रही हैं।

छुटमलपुर की गलियां और चौक अब पूरी तरह रंगीन दिखाई दे रहे हैं हर ओर रंग, खुशियां और उमंग का माहौल है घरों की छतों से लेकर बाजारों तक श्होली है की गूंज सुनाई दे रही है दुकानदारों ने भी अपने प्रतिष्ठानों को सजावट और रंगीन लाइटों से सजा रखा है जिससे बाजारों की सुंदरता और बढ़ गई है

# गुरूकुल से मिलेगी अच्छी शिक्षाः मुकेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चिलकाना।** ग्राम उगरपुर में चल रहे महर्षि दयानंद इन्टर कॉलेज गुरुकुल में कन्या गुरुकुल का शुभारंभ हुआ।

रविवार को महर्षि दयानंद कन्या गुरुकुल में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी रपेंद्र प्रकाश जी महाराज व भाजपा विधायक मुकेश चौधरी ने गुरूकुल शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश महाराज ने बताया कि गुरुकुल पद्धति से पढ़ने वाले छात्र छात्राए संस्कारी होते है। उन्होंने बताया कि भारतवर्ष में पहले अंग्रेजी माध्यम वाले स्कूल नहीं थे सभी छात्र गुरुकुल पद्धति से ही पढ़ते थे। भारत कभी सोने की चिड़िया हुआ करता था धीरे धीरे अंग्रेजों ने हमारे देश को गुलाम बनाकर हमारी पद्धति समाप्त कर दी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूल शुरू कर दिए।

भाजपा विधायक मुकेश चौधरी ने कहा कि कन्या गुरुकुल खुलने से क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी और अब गुरुकुल में बाहर के बच्चे भी आकर अच्छी शिक्षा ग्रहण सकेंगे। गुरुकुल के प्रधानाचार्य अरविंद शास्त्री बहन प्रजा जी महाला अमरीश शास्त्री ने भी अपने विचार प्रकट किए। कन्या गुरुकुल के शुभारंभ में पूर्व जिला अध्यक्ष राज सिंह माजरा, मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, ओम प्रकाश आर्य, पूर्व बार संघ के अध्यक्ष एडवोकेट अभय आर्य, डॉ.विमल शर्मा, सौरभ सैनी, कुलदीप शास्त्री, आशुतोष शर्मा, देवी सिंह, अजय धीमान, विनोद सैनी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# लापता युवती को सकुशल बरामद करने की मांग

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव से एक सप्ताह पूर्व घर से लापता हुई युवती की परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराते हुए पुलिस से किशोरी को खोजने की गुहार लगायी।

ग्राम फिरोजाबाद निवासी श्यामलाल पुत्र पिताम्बर ने थाने पर उपस्थित होकर तहरीर देते हुए बताया कि उनकी पुत्री आरती (20 वर्ष) एक सप्ताह पूर्व घर से बिना बताये कहीं चली गयी है। जिसको काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिल पायी। युवती के पिता ने थाने पर तहरीर देकर पुलिस से युवती को तलाश करने की गुहार लगायी। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया है कि पीड़ित पिता द्वारा दी गयी तहरीर पर युवती की गुमशुदगी दर्ज करते हुए टीम बनाकर मामले की जांच व युवती की तलाश शुरू कर दी गयी।

# सिस्टम लाचार, गांव में गंदगी का अंबार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** विकास खंड पुंवारका की ग्राम पंचायत गंदेवडा में सरकार का स्वच्छता ही सेवा अभियान केवल कागजी दावों तक सिमट गया है लाखों रुपये खर्च के बावजूद पुंवारका ब्लॉक के इस गांव में गंदगी का अंबार लगा है। सड़कों पर कूड़े के ढेर, नालियों का गंदा पानी और उसमें भिनकती मक्खियाँ व कीड़े ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं यह स्थिति न केवल बदबू फैला रही है, बल्कि बीमारियों के फैलने का गंभीर खतरा भी पैदा कर रही है

गांव के मुख्य मार्गों पर गंदा पानी और कूड़े के ढेर आम बात हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह कागजों तक सीमित है सफाई कर्मियों की तैनाती के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों से पलायन करते हुए मनमानी में व्यस्त हैं और अक्सर अधिकारियों के पास तसल मजनी में समय बिताते हैं इस लापरवाही से सफाई कार्य ठप पड़ा है जिससे ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है। ग्रामीण इमरान अली हाजी साजिद मोहम्मद फुरकान मोहम्मद शमीम मुस्तकीम जहीर नौशाद एहसान फैजान साजिद शहजाद भुरा नसीम बिलाल इमरान हामिद मोहम्मद अफजल ने इस स्थिति पर गहरा रोष जताया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि गंदगी की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए और सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए यह स्थिति स्वच्छता अभियान के दावों पर सवाल उठाती है।

# चैंपियनशिप में लहराया परचम

**गंगोह।** नगर की अरिस्टो किड्स अबेकस एकेडमी के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल अबेकस चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर गंगोह का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के हजारों बच्चों ने भाग लिया, जिसमें एकेडमी के छात्रों ने उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कीं।

संस्थापक मोनिका गर्ग ने बताया कि अबेकस शून्य प्लस-5 श्रेणी में कृषा राय को प्रोडिगी अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्लस-9 वर्ग में एकाग्र गर्ग ने चतुर्थ स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। लेवल वन प्लस-9 में आयुष्मान को प्रोडिगी अवार्ड तथा मानवी को शाइ. निंग स्टार अवार्ड मिला। लेवल-2 प्लस-9 में रियांश को प्रोडिगी अवार्ड प्रदान किया गया। लेवल-4 में भव्या बंसल को शाइनिंग स्टार अवार्ड तथा लेवल-5 में मान्या रहेजा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वैदिक मैथ्स प्रतियोगिता में ताशी गर्ग, साध्वी बजाज और खुशी को शाइनिंग स्टार अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में सफलता के उपरांत सभी विजेता छात्र छात्राएं एकेडमी की संस्थापक मोनिका गर्ग व अध्यक्ष भारत गर्ग के साथ श्री बालाजी धाम पहुंचे, जहां उन्होंने श्री बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहां धाम के महंत सुशील शर्मा और संस्था अध्यक्ष भारत गर्ग ने बच्चों को आशीर्वचन दिए और इंटरनेशनल स्तर पर प्राप्त ट्रॉफियां देकर सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर अरिस्टो किड्स के चेयरमैन उज्ज्वल पांडा ने भी दूरभाष पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एकेडमी की इस सफलता से नगर में हर्ष का वातावरण है

# ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा मौकाः सुशील



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** गांवों में छिपी प्रतिभाओं को ऑल इंडिया ग्रामीण क्रिकेट लीग एक राष्ट्रीय मंच देने जा रही है। जिसके तहत अप्रैल माह में टी-20 महाकुंभ का आयोजन किया जायेगा।

आज सर्किट हाउस में लीग से जुडे पदाधिकारियों ने मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लीग का आयोजन मुंबई में होगा। जिसमें पेशेवर स्तर की सुविधाएं और 8 टीमों की टक्कर होगी। फ्रेंचाइजी आधारित इस रोमांचक लीग में देश के विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली आठ टीमें हिस्सा लेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में जो खिलाडी सुविधाओं व उचित मंच के अभाव में अपनी प्रतिभा को साबित नहीं कर पाते। यह लीग उन खिलाडियों के भविष्य के लिये मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि खिलाडियों के चयन के लिये एक पारदर्शी व्यापक प्रक्रिया अपनाई जायेगी। जिसके तहत प्रत्येक फ्रेंचाइजी अपने निर्धारित राज्यों में ओपन ट्रायल आयोजित करेगी और ट्रायल्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को शार्टलिस्ट किया जायेगा। चयन के बाद इन खिलाडियों के लिये विशेष प्रशिक्षण शिविर लगेंगे जहां अनुभवी कोचों द्वारा उनके खेल को निखारा जायेगा।

वार्ता में लीग के सुशील चौधरी, संदीप सिंह वर्मा, राजीव चडढ़ा, राज. ेश पाल, बीके तोमर, अशोक कुमार शर्मा, धनीराम, सुभाष चंद्र, गुलिस्ता खान, जगदीश स्वामी, ओमवीर, कनिष्क चौधरी मौजूद रहे।

# श्री खाटू श्याम के संग मनाया फाल्गुन उत्सव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री नर्मदेश्वर महाद. ेव मंदिर में भारतीय निष्काम सेवा मंडल परिवार द्वारा फाल्गुनोत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य यजमान पारस गुप्ता परिवार द्वारा विधिवत रूप किया। उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में गुरुदेव आचार्य पंडित प्रगीत कोशिक व मन्दिर जी से भागवत आचार्य प्रवेश कौशिक का आशीर्वाद मिला। मण्डल के अध्यक्ष राजा जैन, मुख्य सलाहकार विनय जैन, पारस गुप्ता, अध्यक्ष राजा जैन, महामंत्री दीपक गुप्ता, कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ जैन, संयोजक पुनीत जैन ने सभी श्याम प्रेमियों को अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। श्याम प्यारे का भव्य गुणगान श्री बाला जी लखदातार श्यामप्रेमी संगठन संच. ालक वैभव जैन द्वारा किया गया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में मेयर डॉ अजय सिंह, मण्डल के संरक्षक राजेश जैन, वरिष्ठ समाजसेवी सजंय कर्णवाल, अनिल अग्रवाल, राकेश कुमार जैन, सम्पूर्ण, विकास, अंकित जैन, तरुण राजपुत तथा अतिथि के रूप में सन्दीप अग्रवाल, प्रथम जैन, अमन कुमार, आशीष प्रकाश गुप्ता, रक्षिता पंडित, अक्षय अग्रवाल, राक. ेश, रोहित राजपूत, वैभव जैन, हर्षित गर्ग, विशाल वर्मा, दीपक चौहान शामिल हुए।

इस अवसर विनय जैन, पारस गुप्ता, राहुल अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, राजा जैन, दीपक गुप्ता, सिद्धार्थ जैन, पुनीत जैन,निरंजन कुमार, दीपक जैन, विकास गुप्ता, गौरव जैन, मोहि. हत जैन, पौरुष वर्मा, आयुष जैन, मोहित जैन, अनिल कुमार, सोनू गुप्ता, सन्नी जैन, राज अरोड़ा, प्रथम जैन, वाणी ऐरन, रूबी यादव, बबिता जैन, अल्पना गुप्ता, स्वीटी जैन, एकता जैन, मीनाक्षी गर्ग, आचंल जैन, शालिनी चौहान आदि मौजूद रहे।

# शानदार प्रस्तुतियों से मन मोहा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लघु उद्योग भारती के तत्वावधान में आयोजित होली महोत्सव कार्यक्रम में पूर्वोत्तर राज्यों की संस्कृति, परंपरा और जीवन शैली की शानदार प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

दिल्ली रोड स्थित रंगोली गार्डन में हर वर्ष की तरह इस बार भी लघु उद्योग भारती ने भारत की विविध सांस्कृतिक धरोहर को मंच प्रदान किया। इस वर्ष विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों से कलाकारों को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने असम के प्रसिद्ध बिहू नृत्य तथा मणिपुर के पारंपरिक लोक नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विभाग प्रचारक आशुतोष, विभाग कार्यवाह अरविंद त्यागी, मंडलायुक्त डॉ. रुपेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राज. ेश महाजन, संयुक्त आयुक्त उद्योग अंजू रानी, एडीएमई संतोष बहादुर सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी सदर सुबोध कुमार तथा उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा लघु उद्योग भारती के संभाग महामंत्री अनुपम गुप्ता, जिलाध्यक्ष वरुण अग्रवाल, सहारनपुर मंडल अध्यक्ष अंकित, महामंत्री राज. ेश जैन, शामली जिलाध्यक्ष आलोक जैन, मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष जगमोहन, सहारनपुर महामंत्री राजीव चानना आदि मौजूद रहे। संचालन जिलाध्यक्ष वरुण अग्रवाल एवं विपुल गर्ग ने संयुक्त रूप से किया।

# पूर्व चेयरपर्सन शिमला देवी का निधन

**तीतरों।** पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शिमला देवी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। शिमला देवी कैंसर से पीड़ित थी। काफी समय से उनका इलाज हायर सेंटर में चल रहा था। देर रात उनके निधन की खबर सुनकर कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई।

अस्सी वर्षीय शिमला देवी की पहचान एक सामाजिक तथा मिलनसार महिला के रूप में थी। राजनीति का अनुभव उन्हें बहुत कम था लेकिन इसके बावजूद भी वह नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव जीतने में कामयाब रही थी।

उनके निधन की खबर सुनकर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के अनेकों लोग उनके आवास पर पहुंचे तथा उनके प्रति संवेदना व्यक्ति की। लगभग दो माह पूर्व उनके बेटे अरविंद वर्मा का भी बीमारी से निधन हो चुका है।

# शिविर में 178 लोगों का रक्तदान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** सहारनपुर रोड स्थित सन्त निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में सन्त निरंकारी सत्संग भवन में मानव कल्याणार्थ भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का आयोजन सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंक. ारी राजपिता रामित चंद जी के पावन आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन में किया गया।शिविर का शुभारंभ नगर पालि. का परिषद के चेयरमैन शिवकुमार गुप्ता, जोनल इंचार्ज कुलभूषण चौधरी तथा संयोजक धीर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि रक्त किसी नाली में नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की नसों में बहना चाहिए। शिविर में कुल 178 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 135 यूनिट रक्त एसबीडी जिला चिकित्सालय के रक्त केंद्र के लिए एकत्रित किया गया। संयोजक धीर सिंह ने कहा कि रक्तदान एक सकारात्मक एवं जीवनदायी सेवा है, जिससे अनेक जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलता है। कार्यक्रम में सेवादल के भाई-बहनों, चिकित्सक टीम तथा श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा। अंत में आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# शिक्षा का महत्व बताया



**नागल ।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी उमाही की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शिविर के छठे दिन ग्राम कोलकी कला के ग्राम सचिवालय भवन में ष्बाल अधिकार एवं शिक्षा का महत्वष विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वक डॉक्टर रामकुमार ने स्वयंसेवकों को समाज एवं राष्ट्रीय हित के कार्यों को करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल की सफाई की । प्राचार्या डॉ अंजू वालिया ने कहा कि शिक्षा के द्वारा ही हमारे समाज का विकास होता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्रज नरेश, अमित परमार, बृजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# महर्षि दयानंद ने जीता दूसरा व तीसरा स्थान



**नागल।** मां शाकंभरी विश्व. विद्यालय सहारनपुर के अंतर्गत जे. वी. जैन कॉलेज सहारनपुर में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में महर्षि दयानंद कॉलेज बड़ूली की छात्राओ ने प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेजों ने हिस्सा लिया। रंगोली की थीम उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत थी। रंगोली प्रतियोगियों में कॉलेज की छात्राओं खुशी परमार,सिद्धार्थ, अनुपमा, शिखा, शमा, नैंसी, आंचल,शालिनी, अनम,सोफिया, गुफराना,सुमैया, सालीहा ने रंगोली के रंगों को विषय के अनुसार उकेर कर अपनी सृजनशीलता का परिचय देकर यह खिताब हासिल किया। कॉलेज की छात्राओ की इस उपलब्धि पर चेयरमैन मतलूब अहमद ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी एवं उनको प्रोत्साहन देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रतिभावान छात्र छात्राओ को उनकी ओर से सदैव प्रोत्साहित किया जायेगा।

इस अवसर पर सदस्य अल्पसंख्यक आयोग उत्तराखंड शारिक मलिक, प्राचार्य डॉ योगेंद्र पंवार, नरेश चौधरी, सलीम प्रधान, नौशाद चेयरमैन, वासिल मलिक , डॉ अक्षय कुमार , डॉ बलजोर सिंह, पूजा वालिया, अर्जुन सिंह, अंकित सिंह, गुलफशां प्रवीन, मीनाक्षी सहल, दीपांशी, सुखपाल, दीपक, रामेश्वर, आशु, आदि उपस्थित रहे।

# जलभराव की समस्या को लेकर डीएम से मिले उद्यमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** औद्योगिक क्षेत्र में जलभराव की गंभीर समस्या को लेकर साईमा के चेयरमैन एवं लघु उद्योग भारती के मंडल अध्यक्ष अंकित गोयल के नेतृत्व में उद्यमियों के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम अरविंद कुमार चौहान से मुलाकात कर समस्या रखी।

रविवाद को अंकित गोयल ने डीएम एवं सीडीओ विनय कुमार तिवारी को बताया कि इंडस्ट्रियल एरिया का नाला बार-बार चोक हो जाता है, जिससे पूरे क्षेत्र में पानी भर जाता है और उद्योगों के संचालन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने स्वयं औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया और नाले को टिटौली ड्रेन से जोड़कर मवी गांव की झील तक पानी की निकासी सुनिश्चित करने के



निर्देश सिंचाई विभाग को दिए। योजना के अनुसार पानी को साफ कर आगे निकासी की व्यवस्था की जाएगी, जिससे जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता विवेक वार्ष्णेय ने जानकारी दी कि टिटौली ड्रेन की सफाई के लिए 25 लाख रुपये का टेंडर जारी कर दिया गया है।

आगामी 10 से 15 दिनों के भीतर सफाई कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इससे इंडस्ट्रियल एरिया का पानी पूर्वी यमुना नहर की ओर जाने के बजाय नई निकासी व्यवस्था से प्रवाहित होगा। भविष्य में बजट स्वीकृत होते ही नाले को और अधिक पक्का एवं सुदृढ़ बनाया जाएगा। इस आश्वासन के बाद उद्यमियों ने जिला. धिकारी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के संरक्षक अशोक बंसल, जिलाध्यक्ष आलोक जैन, आशीष जैन, आशीष अग्रवाल, अमित जैन उपस्थित रहे।



# वीतराग पाठशाला में मनाई गई रंगोली

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। रंगोत्सव होली के पावन पर्व पर वीतराग पाठशाला में हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को गुलाल लगाकर रंगोत्सव की शुभकामनाएं दी गईं तथा प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया गया।

शहर के जैन विहार कालोनी की ओर से सतेंद्र कुमार जैन एवं अमित कुमार जैन द्वारा बच्चों को सुंदर पिचकारी, गुब्बारे एवं गुलाल वितरित किए गए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में जैन समाज शामली के संरक्षक जेके जैन ने बच्चों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। वीतराग पाठशाला की संयोजिका प्रीति जैन, शिवानी जैन, दीपा जैन, हिमानी जैन तथा संयोजक शरद जैन ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन आपसी प्रेम, भाईचारे और हर्षोल्लास के वातावरण में हुआ।

# चिकित्सक ने स्टाफ नर्स पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सीएचसी शामली में तैनात एक स्टाफ नर्स पर अभद्र व्यवहार और चिकित्सीय प्रक्रिया में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने चिकित्सा अधीक्षक को शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायती पत्र में चिकित्सकों ने बताया कि 28 फरवरी को एक गर्भवती महिला उपचार के लिए सीएचसी शामली पहुंची थी। जांच में उसका हीमोग्लोबिन 6.3 पाया गया तथा गर्भाशय में पानी की कमी भी बताई गई। ब्लड की उपलब्धता न होने पर चिकित्सकों ने महिला को उच्च केन्द्र के लिए रेफर किया, लेकिन परिजनों ने लिखित रूप में हायर सेंटर जाने से असहमति जताते हुए सीएचसी में ही उपचार कराने का अनुरोध किया। आरोप है कि एनबीएसयू यूनिट में कार्यरत स्टाफ नर्स मोनिका ने बिना विधिवत बीएचटी पर डॉक्टर से आयरन सुक्रोज का प्रिस्क्रिप्शन कराए तथा आवश्यक प्रारंभिक परीक्षण बीपी, पल्स रेट, चिकित्सीय इतिहास आदि पूर्ण किए बिना ही आयरन सुक्रोज चढ़ा दिया।

कुछ समय बाद गर्भवती महिला को सांस लेने में परेशानी होने लगी, जिस पर उसे तत्काल इमरजेंसी में शिफ्ट कर उपचार दिया गया। उपचार के बाद महिला की स्थिति सामान्य हुई, जिसके बाद उसकी गंभीरता को देखते हुए उसे पुन: हायर सेंटर रेफर कर एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई। चिकित्सक ने संबंधित स्टाफ नर्स ने मरीज और तीमारदारों को भ्रमित किया तथा उनके खिलाफ झूठे आरा. ेप लगाकर जेल भिजवाने की धमकी देने का आरोप लगाया। साथ ही यह भी आरोप है कि उक्त नर्स की डयूटी एनबीएसयू में होने के बावजूद वह लेबर रूम में कार्य कर रही थी। चिकित्सा अधीक्षक ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## डा. राजेन्द्र गोयल को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** श्री सत्यनारायण इंटर कालेज प्रबंधक समिति के सदस्य व प्रमुख समाजसेवी डा. राजेन्द्र प्रसाद गोयल की मौत के बाद रस्म तेहरवी का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में पहुंचकर लोगों ने श्रद्धालुओं दी।

बुधावार को शहर रेलवे रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित श्रद्धांजलि सभा वक्ताओं ने कहा कि श्रद्धांजलि में मौन धारण करते हुए परिवार को दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रर्थना की। इस दौरान विधायक पंकज मलिक, विधायक प्रसन्न चौधरी, भाजपा नेता हरबीर मलिक, पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, रवि संगल, वैभव गोयल, सतीश धीमान, डा. राजेन्द संगल, निशीकांत संगल, अनुज बंसल, संजय गोयल, सुभाष गोयल, पीयूष गोयल, आकाश, रवि, दीपक, आयुष, अक्षित, सतीश गोयल, राजीव गोयल मौजूद रहे।

# मध्यप्रदेश में पीयूष शर्मा ने जीता गोल्ड मेडल




शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। मध्यप्रदेश के इंदौर में आयोजित 19वें ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में उत्तर प्रदेश पुलिस का प्रतिनिधित्व करते हुए शामली राइफल क्लब के प्रशिक्षु अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज पियूष शर्मा ने व्यक्तिगत एवं टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी इस उपलब्धि से जनपद में हर्ष का माहौल है।

ग्राम मादलपुर निवासी किसान मुकेश शर्मा के बेटे पियूष शर्मा वर्तमान में मेरठ की छठी वाहिनी पीएसी से संबंध होकर निशानेबाजी का अभ्यास कर रहे हैं। वह शामली राइफल क्लब के प्रशिक्षु खिलाड़ी हैं और पूर्व में भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। 21 से 28 फरवरी तक बीएसएफ सेंटर इंदौर में आयोजित प्रतियोगिता में पियूष शर्मा ने 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में 627.8 अंक हासिल कर व्यक्तिगत वर्ग में राष्ट्रीय रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं टीम वर्ग में ग्राम टोडा निवासी आकाश कुमार एवं तीसरे खिलाड़ी अमन रावल के साथ 1879.1 अंक अर्जित कर रिकार्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पियूष शर्मा इससे पूर्व कजाकिस्तान में आयोजित एशियन चौंपियनशिप तथा नई दिल्ली में आयोजित निशानेबाजी ब्विव कप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। साथ ही दिसंबर माह में भोपाल में आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण एवं रजत पदक भी जीत चुके हैं। खिलाड़ियों एवं पदाधिकारियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी मनाई। इस अवसर पर मुकेश चौधरी, तपन मलिक, अभिनव निर्वाल, डा. धीरेन्द्र ब्रह्मचारी, अमन चौधरी, जतिन निर्वाल, वंश चौधरी, शिवम बालियान, अभिनव पंवार, शौर्य शर्मा, संस्कार सिंघल, अनंत पंवार मौजूद रहे।

## मानव जीवन का परम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति:प्रतीक सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के की जैन धर्मशाला में चल रहे आध्यात्मिक शिविर के दूसरे दिन प्रतीक सागर मुनिराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जैन दर्शन के मूल सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जैन धर्म के अनुसार मानव जीवन का परम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति है और इसके लिए आचरण की शुद्धता, संयम तथा सम्यक दृष्टि अत्यंत आवश्यक है।

मुनिराज ने कहा कि विशेष परिस्थितियों में भी स्त्री या पुरुष को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। यदि साधक शुद्ध भाव से साधना करे तो आध्यात्मिक उन्नति संभव है। ऐसे समय में पंच नमोक. ार मंत्र का शांत चित्त से ध्यान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मंत्र जपते समय उसकी गिनती करने के बजाय अनंत भाव से स्मरण करना अधिक फलदायी माना गया है। साथ ही मौन एवं निराजन व्रत का पालन कर मन, वचन और शरीर की पवित्रता बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रात:काल उठकर जिनेंद्र भगवान के दर्शन करने से जीवन में सकारात्मकता आती है। इससे घर में सुख-शांति और समृद्धि का वातावरण बनता है, अमंगल दूर होते हैं तथा वाणी में मधुरता और प्रभावशीलता आती है।

# जयपाल व अकबर की भाकियू ने मनाई पुण्यतिथि



शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शामली के खेड़ीकरमू बिजलीघर पर किसान आंदोलन में पुलिस की गोली लगने से शहीद हुए किसान जयपाल मलिक व अकबर अली की 39वीं पुण्यतिथि मनाई गई। भाकियू अध्यक्ष नरेश टिकैत ने शहीद जयपाल मलिक की समाधि स्थल पर हवन का आयोजन किया गया, जबकि अकबर अली की मजार पर पुष्प अर्पित किए गए।

वर्ष 1987 में भाकियू के संस्थापक अध्यक्ष स्व. चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के आह्वान पर शामली के खेड़ीकरमू बिजलीघर पर किसानों का आंदोलन हुआ था। इस आंदोलन में किसानों व पुलिस के बीच टकराव हो गया था। इस दौरान पुलिस की फायोरग के दौरान गोली लगने से गांव लिसाढ़ निवासी किसान जयपाल सिंह मलिक व गांव सिंभालका निवासी किसान अकबर अली शहीद हो गए थे। तब से प्रत्येक वर्ष शहीद किसानों की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। रविवार को शहीद किसान जयपाल मलिक की समाधि स्थल पर सुबह हवन यज्ञ व सभा का आयोजन हुआ। जिसमें भाकियू अध्यक्ष नरेश टिकैत ने आहुति प्रदान की। इसके बाद गांव सिंभालका में भी शहीद किसान अकबर अली की मजार पर पुष्प अर्पित किए गए। इसके बाद राजबहादुर के घेर में सभा का आयोजन कर किसानों ने शहीद किसानों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक प्रसन्न चौधरी, जिलाध्यक्ष सांता प्रधान, अनिल मलिक, ओमपाल सिंह, राजबीर आदि मौजूद रहे।



# लायंस सिनेर्जी क्लब ने मनाया होली मिलन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब शामली सिनेर्जी के तत्वावधान में शनिवार देर रात होली मिलन समारोह हर्षोल्लास, सौहार्द एवं पारिवारिक वातावरण में आयोजित किया गया।

होली मिलन कार्यक्रम में प्रोजेक्ट चेयरमैन अमन शर्मा ने बताया कि समारोह का उद्देश्य सामा. जिक समरसता, आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम में रंगों और पुष्पों से होली खेली गई तथा सभी ने प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में सुंदर झांकियां, फूलों की होली, चटपटी चाट शामिल रहे। इस अवसर पर भारत संगल, अजय कुमार, रूचित संगल, निशांत गर्ग, अमन शर्मा, पारस जैन, प्रियांक गोयल, भुवनेश कौशिक, विकास, तुषार धवन, वैभव गुप्ता, पुनीत जैन, वरूण जैन, आकाश वर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## ट्रांसफार्मर में धमाका, विद्युत आपूर्ति ठप, पानी की किल्लत से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के बिजली घर मार्ग पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब विद्युत सप्लाई के लिए स्थापित ट्रांसफार्मर में अचानक जोरदार धमाका हो गया। जिस कारण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे मोहल्ले में बिजली व्यापारी के लिए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। रविवार सुबह के समय अचानक ट्रांसफार्मर से चिंगारियां निकलने लगीं और कुछ ही क्षणों में धमाके के साथ वह बंद हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय आसपास कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और कोई जनहानि नहीं हुई। बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घरों में लगे पानी के मोटर बंद हो गए, जिससे पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई। मोहल्ले के लोगों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से शिकायत कर शीघ्र समाधान की मांग की। विद्युत विभाग के अवर अभियंता धीरज कुमार ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण ट्रांसफार्मर में यह समस्या उत्पन्न हुई है। विभाग की टीम को तुरंत मौके पर भेज दिया गया है और मरम्मत कार्य जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही ट्रांसफार्मर ठीक कर विद्युत आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी। समाचार लिखे जाने तक मरम्मत कार्य जारी था और क्षेत्रवासी बिजली बहाली का इंतजार कर रहे थे।

## वाहन चेकिंग अभियान से कटा चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान में कागजों की अनियमित्ता पाए जाने पर वाहनों के चालान काटे गए।

बुधावार को नगर के विजय चौक, अजंता चौक, शिव चौक, एसटी तिराहा पर चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां पर वाहनों की चेकिंग की गई। चेकिंग के चलते वाहन चालको में हड़कंप मचा रहा।

## नशे में हंगामे पर पुलिस सख्त, पांच का शांति भंग में चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर एवं थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर झगड़ा और हंगामा कर रहे पांच लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर शांति भंग की धारा में चालान कर दिया। रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र की इदरीश बैंग बिहार कालोनी में बच्चों के मामूली विवाद को लेकर अनीश व आय्यान आपस में झगड़ा कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस को दूसरी सूचना मिली कि नगर के दिल्ली बस अड्डे पर जनपद मुजफ्फरनगर के गांव कूकडा निवासी अब्दुल कादिर नशे की हालत में लोगों से झगड़ा कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ लिया और थाने ले आई। एलम चौकी प्रभारी को सूचना मिली कि गांव में मिट्टी उठाने को लेकर मुरसल. ीन और मुकीम के बीच मारपीट हो रही है। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को हिरासत में ले लिया। रविवार को पुलिस ने पकड़े गए सभी पांच आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए शांति भंग की धारा में चालान कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि नगर और क्षेत्र में किसी भी कीमत पर शांति व्यवस्था भंग नहीं होने दी जाएगी तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई के शहीद होने पर चारों ओर गहरा शोक

## हक और मजलूम की लड़ाई लड़ना आयतुल्लाह अली खामेनेई से सीखें: अब्बास जै़दी


मौ. इज़हार हैदर


मौ. जफर अब्बास


मौ. सालिम काजमी


डा. अथर अब्बास


ज़िया अब्बास जै़दी


तालिब जै़दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** शिया बिरादरी के लोगों ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई के शहीद होने पर गहरा दुख जाहिर किया है। आज उनके शहीद होने की खबर मिलते ही शहर के विभिन्न इमामबारगाहों और धार्मिक स्थलों पर शोक और उनकी मगफिरत की दुआ की गई साथ ही गम व गुस्से का इजहार भी किया।

सहारनपुर शिया जामा मस्जिद अंसारियान के पेश इमाम मौलाना इजहार हैदर, मौलाना जफर अब्बास और मौलाना सालिम काजमी ने अपने बयान में कहा कि आयतुल्लाह अली खामेनेई ने हमेशा उम्मत को सब्र, एकता और इंसाफ का पैगाम दिया। उन्होंने कहा कि उनके शहीद होने से पूरी उम्मत को गहरा सदमा पहुंचा है और उनके चाहने वालों को सब्र-ए-जमील दे। इसी क्रम में सहारनपुर बड़े इमामबारगाह खालापार के प्रबंधक/मुतवल्ली डा. सैय्यद अथर अब्बास जै़दी, सहारनपुर कर्बला के प्रबंधक/मुतवल्ली तालिब जै़दी, छोटे इमामबरगाह अंसारियान के प्रबंधक दानिश आब्दी और इमामबा. रगाह सामानियान के प्रबंधक/मुतवल्ली ज़िया अब्बास जै़दी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा


दानिश आब्दी

कि आयतुल्लाह अली खामेनेई का व्यक्तित्व पूरी दुनिया के शिया मुसलमानों के साथ-साथ सभी मुसलमानों के लिए एक मिसाल था। उनके नेतृत्व में मजहबी मूल्यों की हिफाजत व आत्मसम्मान की भावना को मजबूती मिली। उनका शहीद होना ईरान ही नहीं, बल्कि पूरी उम्मत के लिए अपूरणीय क्षति है। शिया समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि आयतुल्लाह अली खामेनेई ने अपने जीवन को अपने देश और

### शिया समुदाय ने उनके लिए की मगफिरत की दुआ

अपने सिद्धांतों के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि हक के साथ खड़ा होना ही असली इंसानियत है और यही संदेश हमें उनकी जिंदगी से मिलता है।

समुदाय के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि खामेनेई ने वैश्विक स्तर पर शिया समुदाय का नेतृत्व किया और धार्मिक मूल्यों की रक्षा के लिए हमेशा मुखर रहे। उनके निधन को पूरी उम्मत के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया। शहर के कई इलाकों में लोगों ने काली पट्टी बांधकर और शांतिपूर्वक एकत्र होकर शोक प्रकट किया। उलेमा ने अपने संबोधन में कहा कि हमें उनके बताए रास्ते पर चलते हुए समाज में भाईचारे, इंसाफ और इंसानियत को मजबूत करना चाहिए। शिया बिरादरी ने यह भी कहा कि इस कठिन समय में पूरी दुनिया के शिया समुदाय के साथ उनकी संवेदनाएं हैं और वे ईरान की जनता के दुख में बराबर के सहभागी हैं। पत्रकार व इंजीनियर मौ. अब्बास जै़दी ने कहा कि हक व इंसानियत की लड़ाई लड़ना दुनिया को खामेनेई से सीखना चाहिए।



# आकिब ने जेके को खेलों में दिलाई नई पहचान



● **आकिब नबी ने 60 विकेट चटकाए, जिसमें से 26 केवल नॉकआउट में ही आए थे, और अपनी टीम को चैंपियन बनाया**

**श्रीनगर, वार्ता।** 'आकिब नबी ने जम्मू-कश्मीर को खेलों में दिलाई नई पहचान', ए जम्मू-कश्मीर के पूर्व कप्तान परवेज रसूल के शब्द थे जो आकबि नबी का शुक्रिया अदा कर रहे थे। नबी ने 60 विकेट चटकाए जिसमें से 26 केवल नॉकआउट में ही आए थे और अपनी टीम को चैंपियन बनाया। छह साल पहले जनवरी 2020 में रसूल ने ही नबी को उनकी रणजी ट्रॉफी की पहली कैप थमाई थी। रसूल ने आखिरी बार 2022 में जम्मू-कश्मीर के लिए खेला था, लेकिन उनका दिल आज भी खिलाड़ियों के लिए धड़कता है। उन्हें शनिवार को कुछ काम के लिए अपने होमटाउन से श्रीनगर जाना था। उन्हें यह नहीं पता था कि मैच कब समाप्त होगा तो विजई लम्हों को मिस न करने के लिए वह काफी जल्दी ही घर से निकल गए थे। रसूल वर्तमान समय में जम्मू-कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल में कोचिंग कर रहे हैं। अपने एक दशक से भी लंबे करियर और आईपीएल से हुई कमाई से उन्होंने अपने होमटाउन में साउथ कश्मीर क्रिकेट अकादमी बनाई है। लगभग दो सप्ताह से वह अपनी अकादमी के बच्चों से यही सुन रहे हैं कि वे भी नबी जैसी गेंदबाजी करना चाहते हैं। जब हमने सुना कि जम्मू-कश्मीर के एक खिलाड़ी को इतनी शोहरत मिल रही है तो ए काफी शानदार बात थी। आकिब ने हमें गर्व महसूस कराया है और उनके परिवार को भी गर्व है। उन्होंने और पूरी टीम ने मिलकर हमारे राज्य को खेलों में नई पहचान दिलाई है। मुंबई में इरफान पठान को बहुत सारे लोगों से बधाई मिल रही है। वह फिलहाल टी-20 विश्व कप में कमेंट्री कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने हुबली में खेले गए फाइनल पर करीबी निगाह रखी थी। 2019-20 में पठान को जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ ने मेंटॉर बनाया था। उनके वहां रहते हुए अब्दुल समद और नबी समेत कई टैलेंटेड युवा खिलाड़ियों ने अपना प्रथम श्रेणी डेब्यू किया। उन्होंने युवा रसिख डार को भी काफी समर्थन दिया जो बाद में उम्र से छेड़छाड़ वाले मामले में बैन भी हुए थे। जम्मू-कश्मीर में लाल मिट्टी की पिचों की कमी होने के कारण पठान को अलग तरह सोचने पर मजबूर होना पड़ा। ऑफ सीजन में वह पूरी टीम को ट्रेनिंग के लिए बड़ौदा लेकर चले गए। भले ही पठान चले गए, लेकिन मैनेजमेंट ने उनके द्वारा किए गए कामों की सराहना की और उसको आगे बढ़ाते रहे। पठान ने कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर क्रिकेट को छोड़े हुए पांच साल हो गए, लेकिन ए जीत काफी व्यक्तिगत लगती है। मुझे याद है कि जब मैं पहली बार वहां गया था तो रसिख अपने छह और कजिन्स के साथ ट्रॉयल पर आया था और उसने कहा था कि ए सब भी मेरी तरह खेलना चाहते हैं। वह मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल सीजन बिताकर आ रहा था। यदि एक इंसान के आईपीएल में खेलने का ए प्रभाव था तो सोचिए जम्मू-कश्मीर के रणजी ट्रॉफी जीतने का क्या असर होगा? ए उन्हें एक पहचान देगी। मैंने भारतीय क्रिकेट सिस्टम को एक टीम के लिए इस तरह एकजुट होते नहीं देखा है जैसा कि वे जम्मू-कश्मीर के लिए हुए। ए टीम इसकी हकदार है। जम्मू में फारुख मोहम्मद को भरोसा नहीं हो रहा है कि उनका बेटा रणजी चैंपियन है।

# श्रीलंका के हेड कोच का पद छोड़ेंगे सनत जयसूर्या

**पल्लेकेले, वार्ता।** सनत जयसूर्या ने श्रीलंका पुरुष टीम के हेड कोच पद से हटने का फैसला कर लिया है।

उन्होंने यह निर्णय पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंका की बेहद करीबी हार के बाद सार्वजिनक किया, जिसके साथ ही टीम का विश्व कप सफर भी खत्म हो गया। हालांकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर अभी तक श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को इसकी सूचना नहीं दी है, लेकिन उनका कहना है कि वह पहले ही तय कर चुके थे कि यह विश्व कप इस भूमिका में उनका आखिरी असाइनमेंट होगा। जयसूर्या ने कहा कि मुझे लगा कि अब यह जिम्मेदारी किसी और को देने का वक्त आ गया है। इसीलिए लगभग दो महीने पहले इंग्लैंड सीरीज के दौरान मैंने कहा था कि इस नौकरी में लंबे समय तक बने रहने की मुझे उम्मीद नहीं है। तब तक मैं यह फैसला कर चुका था।

# हीली ने 98 गेंदों में ठोके 158 रन

● **ऑस्ट्रेलिया ने होबार्ट में भारत के खिलाफ 7 विकेट पर 409 रन का जबरदस्त स्कोर बनाया, भारत को 224 पर ढेर किया**



**होबार्ट, वार्ता।** एलिसा हीली ने अपनी आखिरी इनिंग्स में रविवार को 98 गेंदों पर शानदार 158 रन बनाकर वनडे क्रिकेट को एक परीकथा जैसा अलविदा कहा, जबकि बेथ मूनी ने नाबाद सेंचुरी बनाई, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने होबार्ट में भारत के खिलाफ 7 विकेट पर 409 रन का जबरदस्त स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 45.1 ओवर में 224 रन पर ढेर कर मुकाबला 185 रन से जीत लिया और सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। हीली को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की तरफ से स्नेह राणा ने सर्वाधिक 44 और जेमिमा रोड्रिग्स ने 42 रन बनाए।













# चेन्नई सुपरकिंग्स के प्री-सीजन कैंप में धोनी भी हिस्सा लेंगे

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स रविवार (1 मार्च) से अपनी आईपीएल की तैयारी शुरू करेगी। मैनेजमेंट ने कन्फर्म किया है कि 24 घंटे में एक कैंप शुरू होगा और सभी भारतीय खिलाड़ी इसके लिए इकठ्ठा होंगे। सीएसके के स्टार खिलाड़ी एमएस धोनी भी कैंप का हिस्सा होंगे। फ्रेंचाइजी के सीईओ काशी विश्वनाथन ने शनिवार (28 फरवरी) को क्रिकबज को बताया कि हां, मैं कन्फर्म कर सकता हूं कि हमारा कैंप कल शुरू होगा और एमएस भी इसका हिस्सा होंगे।



































**रमजान मुबारक**



**तेरहवां रोजा**

सहरी सुन्नी 5.21
शिया 5.12
इफ्तार सुन्नी 6.21
शिया 6.34

**मोमिन को शुक्र-सब्र और यकीन पर कायम रहना चाहिए।जो अल्लाह ने दिया है उस पर अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए।हो सकता है बहुत से लोग उससे महरूम हों।जो नहीं है उस सब्र करना चाहिए कि इसमें भी अल्लाह की कुछ बहतराई हो सकती है।**

**कुरआन करीम**

# खामनेई की मौत पर शियाओं का मातम, चौकी सराय पर रोकी भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अमेरिका और इजराइल की सैन्य कार्रवाइयों के विरोध में उपजा यह आक्रोश सहारनपुर की गलियों में नारों की शक्ल में दिखाई दिया। ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्लाह अली खामनेई की कथित तौर पर अमेरिका और इजराइल के हमलों में हुई मौत की खबर के बाद पूरे विश्व के शिया समुदाय में शोक और गुस्से की लहर दौड़ गई।

प्रदर्शनकारी शहर के चौकी सराय क्षेत्र में एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारियों ने अमे. रिका और इजराइल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस विरोध प्रदर्शन की खास बात यह थी कि इसमें केवल पुरुष ही नहीं, बल्कि शिया समुदाय की महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। वे काली पट्टियां बांधकर और बैनर लेकर अपना विरोध दर्ज करा रही थीं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़े धार्मिक और राजनीतिक व्यक्तित्व के निधन की खबर ने भावनाओं को इतना उग्र कर दिया था कि प्रदर्शनकारियों का हुजूम शहर के अन्य



हिस्सों की ओर बढ़ने लगा। हालात की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन पहले से ही हाई अलर्ट पर था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को मुख्य शहर के संवेदनशील इलाकों में घुसने से रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से संवाद किया। पुलिस की मुस्तैदी के चलते भीड़ को आधे रास्ते से ही समझा-बुझाकर वापस भेज दिया गया।

शिया जामा मस्जिद के इमाम जुमा वल जमाअत मौलाना इजहार हैदर व मौलाना सै. जफर अब्बास जैदी ने बताया कि इजराईल व अमेरिका के कायराना हमले व शिया समुदाय के मजहबी रहनूमा व ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह वल उजमा सैय्यद अली खामेनाई की शहादत को लेकर शिया मुस्लिम समुदाय की तरफ से 2 मार्च को नमाज ए जौहर के बाद समय करीब दोपहर 1:30 बजे एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को दिया जायेगा।

## अयातुल्ला खामनेई का इंतकाल मिल्लत का नुकसान: हाजी फजलुर्रहमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व सांसद और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी फजलूर्रहमान ने अमरीका इजरायल



हमले में आयतुल्ला खमनेई की मौत पर दुख प्रकट करते हुए इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की।

पूर्व सांसद हाजी फजलूर्रहमान ने कहा कि मुसलमानों के लिए और दुनिया के अमन पसंद लोगों के लिए ये बहुत बड़ा सदमा है और फिर से करबला की तारीखं दोहराई जा रही है। हिंदुस्तान के मुसलमान पूरी शिद्दत से और जज्बात के साथ ईरान के साथ हैं। अल्लाह ईरान की हिफाजत फरमाए, फतह नसीब करे और जालिम लोगो को सबक सिखाए।

# सांसद इमरान व एमएलसी शाहनवाज सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसाइटी कर्मचारी संघ द्वारा सांसद इमरान मसूद और एमएलसी शाहनवाज खान को सम्मानित किया गया। इमरान मसूद ने कहा कि सोसायटी कर्मचारियों के लिये हमेशा मदद को खडे है।



दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित समारोह में कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि संविदा पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को नियमित किए जाने की मांग वे लगातार उठा रहे हैं, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। उन्होंने कहा कि संविदा व्यवस्था कर्मचारियों के हित में नहीं है और इसे समाप्त किया जाना चाहिए। कर्मचारियों द्वारा रखी गई समस्याओं के समाधान के लिए वे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर उचित कार्रवाई का प्रयास करेंगे। विधायक शाहनवाज खान ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके नियमितीकरण के लिए प्रदेश सरकार से मांग करने का आश्वासन दिया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2004 से एड्स नियंत्रण कार्यक्रम मात्र 1620 कर्मचारियों के सहयोग से संचालित हो रहा है, जिससे प्रदेश के लगभग 1.50 लाख मरीज लाभान्वित हो रहे हैं। इसके बावजूद कर्मचारियों को वार्षिक मूल्यांकन प्रणाली के आधार पर संविदा विस्तार और सेवा समाप्ति जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि गोरखपुर की समीक्षा बौधरी, कौशांबी के सुरेश गुप्ता, सिद्धार्थनगर के अरुण त्रिपाठी सहित कई कर्मचारियों को सेवा से हटाया गया है, जबकि देवरिया एआरटी केंद्र के कर्मचारियों के वार्षिक इंक्रीमेंट भी रोक दिए गए हैं। इस संबंध में कर्मचारियों ने सांसद और विधायक से मुलाकात कर मूल्यांकन प्रणाली समाप्त करने और नियमितीकरण की मांग की थी, जिस पर जनप्रतिनिधियों ने शासन स्तर पर संस्तुति करने का आश्वासन दिया है।

कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष पंकज कुमार श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष अरविन्द मिश्रा, प्रदेश कार्यालय मंत्री प्रवेश कुमार, मुख्य सलाहकार ब्रजेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष नाथीराम सहित सहारनपुर मंडल के अनेक कर्मचारी एवं पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूदरहे।

## मिल में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड शेरमऊ में 16 से 28 फरवरी तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया।

पखवाडे के अंतिम दिन वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सुखविन्दर जीत सिंह ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए भविष्य में सभी को खुद सफाई करने और करवाने के लिए जागरूक किया। पखवाडे के दौरान शुगर मिल परिसर के सभी क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। डॉ. सुखविन्दर जीत सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरविन्द कुमार मुख्य महाप्रबन्धक उत्पादन, दीपक पुण्डीर महाप्रबन्धक इंजी., इन्द्र प्रकाश यादव अति. प्रबन्धक एचआर, प्रशासन व सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों उपस्थित रहें।

# राधा कृष्ण संग खेली फूलों की होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** श्रीराम लीला समिति के तत्वाधान में कस्बे के प्राचीन शिव मंदिर में होली के रंग, कान्हा के संग भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओ ने राधा कृष्ण के संग जमकर फूलों की होली खेली।



देहरादून रोड स्थित मंदिर परिसर में कार्यक्रम का शुभारंभ संयोजक अरविंद गुप्ता, विकास सैनी, श्रीराम लीला समिति अध्यक्ष महेंद्र धीमान, डॉ योगेन्द्र पंवार, सतीश आढ़ती, विजय शर्मा, जयराम गौतम, एसओ अमित नागर ने पूजन कराकर किया। पूजन पं मदनगोपालाचार्य ने सम्पन्न कराया। पूजन के बाद किशोर एंड पार्टी ने राधा कृष्ण, खाटू श्याम के भजनों व किशोर ने एक बाद एक होली गीतों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओ को झूमने पर मजबूर किया। आयोजन में श्रीराम लीला समिति अध्यक्ष व मंदिर समिति महासचिव महेंद्र धीमान, मंदिर समिति अध्यक्ष व श्रीराम लीला समिति सह संयोजक मोहन लाल मेहंदीरत्ता, राजेश सैनी, प्रवीण कश्यप, सौरभ जैन, इन्द्रसेन कश्यप, डॉ दीपक ठक्कर, उमेश गुप्ता, देवेंद्र यादव, रोहित गुप्ता, सोनू बडूली, बिजेंद्र यादव, राजेश कपिल, सुशांत सहगल, सूरज धीमान अश्वनी मित्तल, प्रमोद पाल, कंवरपाल, सुमित यादव, सुधीर कुमार, सुरेंद्र कश्यप, कार्तिक जैन, जोहरी जैन, सोनू वर्मा, जगदीश आदि मौजूद रहे।

# अखिलेश से मिल युवा नेताओं ने लिया विजय संकल्प

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर महिला प्रदेश सचिव रूही अंजुम, युवजन सभा जिलाध्यक्ष विलास राणा व प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष अनुज प्रधान ने 2027 में सपा सरकार बनाने का संकल्प लिया।



लखनऊ में आयोजित युवजन सभा की बैठक के बाद अखिलेश यादव से हुई इस मुलाकात में 2027 को लेकर सभी ने अपना विजन रखा। मुलाकात के बाद महिला प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आशीर्वाद से देहात विधानसभा से 2027 चुनाव लड़ूंगी सर्व समाज समाजवादी पार्टी के साथ खडा है। युवजन सभा जिलाध्यक्ष विलास राणा ने कहा कि छात्र नौजवानों ने तानाशाही सरकार को हटाकर 2027 में सपा सरकार बनाने का संकल्प लिया है। प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष अनुज प्रधान ने कहा कि सभी गांवों में टीम बनाकर घर-घर लोगों से सपा से जोडने का कार्य किया जायेगा। इस मौके पर सपा पार्षद फहद सलीम, नगर अध्यक्ष वासिल तोमर, युवा नेता ओसामा गाड़ा भी मौजूद रहे।

- **देहात विधानसभा से लड़ूंगी चुनाव: रूही अंजुम**
- **छात्र युवा सपा सरकार लाने को तैयार: विलास**
- **घर-घर जायेगी समाजवादी पार्टी टीम: अनुज**

## दो डंपरों की जोरदार भिड़ंत, दोनों चालक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** दो डंपरो की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था को डंपरों के आगे से परखच्चे उड़ गए और दोनों चालक पूरी तरह फंस गए। पुलिस और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद चालकों को बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया।

दरअसल, रविवार की दोपहर बाद थाना बिहारीगढ़ इलाके के गांव कोठडी बहलोलपुर की ओर से एक डंपर रैंप से खनिज भरकर धौलाकुंआ की तरफ जा रहा था जबकि दूसरा डंपर धौलाकुंआ की ओर से आ रहा था। बताया जाता है कि तेज गति होने के कारण दोनों डंपरों की आमने सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों डंपरों के केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और दोनों चालक फंस गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से फंसे चालकों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। हादसे में एक डंपर का चालक 28 वर्षीय समीर पुत्र खालिद निवासी गांव कोठडी बहलोलपुर तथा 20 वर्षीय मुजययन पुत्र मुकर्रम निवासी कोठडी हाजी दोषी वाली गंभीर घायल बताए जा रहे है। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया है।

## त्यौहारों को लेकर पुलिस का पैदल मार्च

**बेहट।** आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। होली पर्व के मद्देनजर थाना कोतवाली बेहट पुलिस ने कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन से त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने मुख्य बाजार, संवेदनशील क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त की। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से भाईचारे और आपसी सद्भाव के साथ त्योहार मनाने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने कड़े शब्दों में कहा कि अराजक तत्वों और दबंगई करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।पुलिस प्रशासन ने सभी धर्मों के लोगों से अपील की है कि वे अपने-अपने त्योहार मिलजुलकर और शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा की गई है। क्षेत्र के लोगों ने पुलिस प्रशासन के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि फ्लैग मार्च से आमजन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है और त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहे




## नशा तस्कर पकड़े

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस व एएनटीएफ थाना मेरठ ने तीन नशा तस्कारों को धर दबोचा।

सदर बाजार कोतवाली पुलिस व एएनटीएफ थाना मेरठ की टीम ने मुखबिर की सूचना पर तीन शातिर नशा तस्करों जयमति कुमारी देवी पत्नी मदन प्रसाद महतो धानुक पुत्री असर्फी महतो धानुक निवासिनी ग्राम जीतपुर जिला बारा मधेश प्रांत नेपाल, हसन तारा खातून पत्नी कमसुल मियां धोबी पुत्री खलील मियां धोबी निवासिनी ग्राम जीतपुर भवानीपुर नेपाल व रूकसाना खातून पत्नी भुअर शेख उर्फ अब्दुल्ला शेख निवासिनी बेहरा बिचला मस्जिद के पास पश्चिमी चम्पारण बेतिया बिहार को जनमंच के पीछे गंगोह अड्डा जाने वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# मास्टर जमील अहमद का इंतकाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बेहट।** नगर पंचायत बेहट के वार्ड नंबर 12 के सभासद एवं नगर की प्रमुख शिक्षण संस्था एस एस मैमोरियल जूनियर हाईस्कूल के प्रबंधक मास्टर जमील अहमद (56) वर्ष का निधन हो गया है। मास्टर जमील अहमद ने शनिवार की रात ग्राफिक ऐरा हॉस्पिटल देहरादून मे आखिरी सांस ली। रविवार को दोपहर जौहर की नमाज के बाद उनके जनाजे की नमाज शशि जमा मस्जिद के बाहर कराई गई है। उनके जनाजे मे विभिन्न पार्टियों के जन प्रतिनिधि शिक्षण संस्थाओं, सामाजिक एवं व्यापारिक संगठन से जुड़े लोग शामिल हुए है।नगर पंचायत बेहट के सभासद एवं एस एस मैमोरियल जूनियर हाईस्कूल के प्रबंधक मास्टर जमील अहमद को पिछले एक सप्ताह पूर्व हार्ट अटैक आया था उनको देहरादून के एक हॉस्पिटल मे भर्ती कराया गया था। शनिवार रात को उनका देहांत हो गया उनके देहांत की खबर सुनकर उनके रिश्तेदार विभिन्न पार्टियों के नेतागण एवं शिक्षण संस्थाओं के प्रबंधक तथा समाज सेवी मीडिया कर्मी लोग उनके आवास पर आकर उनकी मौत का दुख जाहिर किया गया। आज दोपहर 2 बजे के बाद उनके जनाजे की नमाज शाही जमा मस्जिद के बाहर अदा करने के बाद उनके कब्रिस्तान मे सुपर्द खाक कर दिया गया। उनके जनाजे मे कांग्रेस सांसद इमरान मसूद एम एल सी शाहनवाज खान, सपा विधायक उमर अली खान के भाई अली खान, पूर्व विधायक नरेश सैनी,नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान उर्फ शालू, हमजा मसूद, भाजपा नेता सुनील राजदेव उर्फ बिट्टू संजीव कर्णवाल उर्फ बोबी, रोहित सिंह राणा, सुधीर कर्णवाल, सभासद मुर्तजा रही आयशा सत्य प्रकाश रोहिला, मुर्तजा रही शाहनवाज उर्फ गुल्लू, समाज सेवी हाजी इंतजार मिर्जा हाजी रफीक अहमद हाजी अहसान,जावेद मिर्जा, टीपू सुल्तान,अजीम मलिक डाक्टर ऐजाज अहमद डाक्टर माजिद हमीद, कामरेड शौकत मुस्तकीम मलिक मियां पीरु, हाजी अतीक मिर्जा, हाजी शमशाद मिर्जा मौजूद रहे।







# सामूहिक उन्नयन की कामना के साथ खेली होली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कलाल क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में आयोजिलत होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में समाज के सामूहिक उन्नयन की कामना की गई।



घंटाघर स्थित एक होटल में कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व मेयर संजीव वालिया, विनीत कर्णवाल, कार्यक्रम मे संस्थापक एवं कोषाध्यक्ष राजीव भरतरी, प्रदीप कर्णवाल (मेरठ), सुखचौन वालिया, प्रमोद वालिया ( मुजफ्फरनगर), रमेश वालिया (यमुना नगर), शशि वालिया अल्पना तलवार आदि ने दीप प्रज्ज्वलन कराके किया। इस अवसर पर नगर निगम के पूर्व महापौर संजीव वालिया ने आपने संक्षिप्त अपितु सारगर्भित सम्बोधन मे कहा कि महासभा ने अपना विस्तार सहारनपुर मण्डल से मेरठ जोन तक किया है। वही हरियाणा मे भी अपनी विशिष्ट पहचान अपनी सामाजिक सेवा से बनाई है जिसके लिये विनीत कर्णवाल और उनकी टीम से संबधित सभी सहयोगी बधाई के पात्र है। आयोजन में जहाँ प्रदीप कर्णवाल को मेरठ का जिलाध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा करए हुए उन्हें मनोनयन पत्र भी सौपा गया। इस अवसर पर अल्पना तलवार ने होली के आयोजन के पाशर्व में छिपी आकर्षक एवं रोचक जानकारी दी। विजय कर्णवाल ने होली पर प्रयोग होने वाले रंगों की और उनकी उपादेयता के संबंध में विस्तृत रूप से बताया। भाजपा के वरिष्ठ नेता शशि वालिया, भानू कर्णवाल, भारत कर्णवाल, विराट जयसवाल ने आयोजन को सफल एवं व्यवस्थित बनाने मे अमूल्य योगदान दिया, इस अवसर पर शेखर कर्णवाल, नीरज वालिया, कमल वालिया, राजेश वालिया, राकेश कर्णवाल, भरत कर्णवाल, अरुण नैब, वरुण नैब, अनिल कुमार वालिया, देव कर्णवाल, अलका, अल्पना तलवार , नितीश कुमार, इंद्रजीत वालिया, सुरेश कर्णवाल, विजय वालिया, दिनेश जायसवाल, रमेश कर्णवाल, रमेश अहलुवालिया, कुलद. ीप सिंह वालिया, मोिं. हत कर्णवाल, सुखचौन अहलुवा. लिया की गरिमामई उपस्थिति दर्ज की गयी। आयोजन का विशेष आकर्षण फूलो की होली रहा। कार्यक्रम मे आने वाले अतिथियों का स्वागत चन्दन के टीके से किया गया। कार्यक्रम का रोचक एवं मोहक संच. ालन के. के. जयसवाल ने किया। जबकि कार्यक्रम मे कई रोचक एवं मोहक सांस्कृतिक आयोजना ने कार्यक्रम को सफल बनाया।












शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 2 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# लो हो गया हमला

आखिर वही हुआ जिसकी आशंका व्यक्त की जा रही थी। शनिवार को इजरायल व अमेरिका ने ईरान पर सीधे हमला कर दिया। जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई सहित 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इसमें ईरान के सेना प्रमुख भी शामिल हैं। खबर तो यह भी आ रही है कि इस हमले में खामेनेई के दामाद, बेटी, पोती भी मारी गए हैं। अमेरिका इजरायल जहां इस कार्रवाई को बड़ी कामयाबी बता रहे हैं और कह रहे हैं कि उन्होंने एक क्रूर तानाशाह का अंत किया है, वह ईरानी जनता को आजादी दिलाने की बात भी कह रहे हैं, तो वहीं ऐसे देशों की भी कमी नहीं है जो अमेरिका इजरायल की इस कार्रवाई का विरोध करते हुए इसकी निंदा कर रहे हैं और इसको हमला नहीं बल्कि हत्या बता रहे हैं। जाहिर है, खामेनेई की मौत ने हालात को बद से बदतर बना दिया है। दोनों तरफ से हवाई हमले हो रहे हैं। इजरायल अमेरिका जहां लड़ाकू विमानों से हमले कर रहे हैं तो वहीं ईरान ताबड़तोड़ अपनी मिसाइलों का प्रदर्शन कर रहा है। उसकी मिसाइलों की जद में करीब 8 से अधिक देश आ चुके हैं। जिसमें मिडिल ईस्ट के दुबई, कतर, सऊदी, ओमान, बहरीन, इजरायल जैसे देश हैं। निश्चित रूप से जिस तरह की कार्रवाई ईरान ने अब तक की है, उससे इजरायल व अमेरिका जरूर सक्ते में आए होंगे, क्योंकि दूसरे विश्वयुद्ध के बाद यह पहला अवसर है, जब अमेरिकी सैन्य बेस पर सीधे किसी देश ने हमला किया। युद्ध बराबर जारी है और दोनों तरफ से नुकसान की भारी खबरें आ रही हैं। हालात किधर जाएंगे, कहना मुश्किल है। मुश्किल इसलिए भी कि आज दुर्भाग्य से दुनिया में कोई भी ऐसी संस्था नहीं है जो दो देशों के विवादों को नियंत्रित कर सके। जो संस्था इसलिए बनाई गई थी कि वह आगे युद्ध नहीं होने देगी और दूसरे विश्वयुद्ध से सबक लेते हुए आपसी बातचीत से ही देशों के बीच मतभेदों को हल कराएगी, वह विश्व संस्था आज पंगु बन चुकी है। हर कोई जानता है कि अब संयुक्त राष्ट्र के पास न नैतिकता बची है और न ही किसी तरह की कोई शक्ति है। नतीजा सामने है जिसकी मरजी में जो आ रहा है वह कर रहा है। बड़े मुल्क छोटे देशों को धड़ल्ले से दबा रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प तो तमाम हदों को पार करते दिखाई दे रहे हैं, उन्होंने हाल ही में कैसे वेनेजुएला के राष्ट्रपति को गिरफ्तार कर अपने देश ले आए और अब ईरान में सरकार बदलने की तैयारी हो रही है। यह खुली गुंडागर्दी नहीं तो और क्या है। अगर समय रहते इन सब बातों का हल नहीं निकला, तो दुनिया अराजकता के घोर अंधकार में चली जाएगी। जहां जिसकी लाठी उसी का राज कहावत चरितार्थ होगी, पहले से ही रूस-यूक्रेन, इजरायल-फलस्तीन जैसे युद्धों की कमी नहीं थी अब ईरान-अमेरिका/इजरायल उलझते दिखाई दे रहे हैं। जाहिर है, दुनिया इस समय वास्तव में बारूद के ढेर पर बैठी है।

## संप्रभु राष्ट्र के नेतृत्व की लक्षित हत्या



अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव तथा खाड़ी देशों का घटनाक्रम आपत्तिजनक है, खुद को लोकतांत्रिक दुनिया का नेता बताने वाले देशों द्वारा संप्रभु राष्ट्र के नेतृत्व की लक्षित हत्या और उनकी कार्रवाई में निर्दोष लोगों की मौत हो रही है, इस तरह की कार्रवाई किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराई जा सकती है, इस संघर्ष में कई देशों का घसीटा जाना बेहद दुखद है और इससे वैश्विक अस्थिरता बढ़ेगी, दुनिया को और अधिक अनावश्यक युद्धों की नहीं, बल्कि शांति और संवाद की आवश्यकता है, आंख के बदले आंख पूरे विश्व को अंधा बना देती है, विश्व नेतृत्व को प्रतिशोध की राजनीति छोड़कर शांति और मानवता के मार्ग पर चलना चाहिए, प्रधानमंत्री मोदी प्रभावित देशों में फंसे सभी भारतीय नागरिकों को सुरक्षित देश लाने के लिए हरसंभव प्रयास करें। **-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव और सांसद**

# न्यूट्रिशनल लेवल देखकर करें खाने-पीने की चीज़ों का इस्तेमाल

अमेरिका और यूरोप समेत विश्व के अधिकांश देशों ने कई साल पहले जिस खतरनाक ट्रांस फैट पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी थी। उस फैट का हमारे यहां अभी भी वनस्पति और रिफांइड तेलों में भरपूर प्रयोग हो रहा है। इस वजह से देश में हृदय, मधुमेह, अल्जाइमर, कैंसर आदि घातक बीमारियां तेजी से पैर पसार रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ट्रांस फैट को हमारे शरीर को दिनभर में मिलने वाली ऊर्जा का एक प्रतिशत हिस्सा से कम रखने की अनुशंसा की है। गैर सरकारी संस्था सेंटर फॉर साइंस एडं इनवायरमेंट (सीएसइ) ने वर्ष 2012 में 30 ब्रांडेड तेलों पर अनुसंधान करके बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया था।

सीएसई ने इन तेलों का अपनी प्रयोगशाला में परीक्षण करके कहा था कि हमें रसोई के तेल से धीमा जहर मिल रहा है और हम हर रोज खतरनाक बीमारियों की गिरफ्त में जा रहे हैं। इस संस्था ने इन तेलों में डेनमार्क के अंतर्राष्ट्रीय मानक दो प्रतिशत से कहीं अधिक पांच से 23 प्रतिशत तक ट्रांस फैट की मौजूदगी की पुष्टि की थी। सीएसई की इस पहल के बाद भारतीय खाद्य एवं सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफसएएसएआई) ने तेल कंपनियों के लिए भार से 10 प्रतिशत से कम ट्रांस फैट का मानक तय किया और इस वर्ष फरवरी तक इसे पांच प्रतिशत लाने के लिए अधिसूचना जारी की गई है। सीएसई के खाद्य एवं सुरक्षा डिविजन के प्रोग्राम मैनेजर अमित खुराना ने बताया कि सरकार ने ट्रांस फैट के बारे में नोटिफिकेशन जारी किया है कि इसे पांच प्रतिशत पर लाना है, लेकिन देखिए कब तक इसे अमल में लाया जाता है। दस से पांच प्रतिशत पर लाए जाने का सरकार का कदम स्वागत योग्य है। इससे हमारे स्वास्थ्य पर काफी फर्क पड़ेगा, लेकिन भविष्य में इसे नीयर जीरो लाना होगा। हमारी मांग है कि खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग पर इसकी लेबलिग होनी चाहिए। साफ-साफ अक्षरों में सेचुरेटेड और ट्रांस फैट की मात्रा के बारे में उल्लेख होना चाहिए। हमने बाजार में मौजूद कई नामी-गिरामी कंपनियों के खाद्य तेलों पर अध्ययन किया था और उनमें स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक ट्रांस फैट की मौजूदगी पांच से 23 गुना अधिक पाई थी। वर्ष 2012 में हमारे अध्ययन के बाद एफएसएसएआई ने वर्ष 2013 में ट्रांस फैट का लेबल 10 प्रतिशत करने और वर्ष 2015 तक इसे पांच प्रतिशत करने के बारे में नोटिफिकेशन जारी किया था। फिलहाल यह लेबल 10 प्रतिशत है, लेकिन पांच प्रतिशत के लेबल की समय सीमा को बढ़ा कर इस वर्ष फरवरी तक कर दिया गया है। उम्मीद है इस पर गंभीरता से अमल किया जाएगा। सीएसई निदेशक ने कहा है कि पी गोपीचंद राष्ट्रीय हीरो इसलिए नहीं हैं कि उन्होंने दो ओलंपिक मेडलिस्ट, साइना नेहवाल और पीवी सिंधु को तैयार किया है। वह इसलिए आदरणीय और सम्मानीय हैं कि सॉफ्ट ड्रिंक के लिए विज्ञापन करने से मना करने वाले वह इकलौते स्पोर्ट्स मैन हैं। उनके अनुसार दिल्ली उच्च न्यायालय ने वर्ष 2014 में एफएसएसएआई से जंक फूड और प्रसिद्ध हस्तियों से अस्वस्थ्यकर खाद्य एवं पेय पदार्थों के बारे में विज्ञापन के संबंध में गाइडलाइंस तैयार करने को कहा था, लेकिन इस दिशा में कहां कुछ हुआ है। ब्रांड लॉबी की कोशिश होती है कि इस तरह की कोई अच्छी चीज अमल में नहीं आए। स्पेन में बडविग प्रोटोकॉल के तहत कैंसर के खिलाफ वैकल्पिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र का संचालन करने वाले डॉक्टर ने कहा कि मानवीय हितों के लिए अद्वितीय काम करने वाली सीएसई ने केवल भारत की जनता की आंखें ही नहीं खोल दीं बल्कि कुंभकर्ण की नींद सो रहे एफएसएसएआई को भी झकझोर कर उठा दिया है।





डा. ने कहा कि आपकी सरकार को जागना ही होगा और अपने लोगों की रक्षा करनी ही होगी, क्योंकि एक देश मुट्ठीभर कंपनियों से नहीं, एक-एक नागरिक को मिलाकर बनता है और देश का स्वास्थ्य हर हाल में सर्वोपरि है। उन्होंने बताया कि दिल की बीमारियों समेत कई गंभीर रोगों के लिए जिम्मेदार ट्रांस फैट पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन फूड सिक्योरिटी एडं न्यूट्रीशन एजेंसी ने वर्ष 2009 में विधेयक का प्रारूप तैयार किया और कानून लाकर देश के बाजार में ट्रांस फैट का मानक अधिकतम दो प्रतिशत तय किया गया है। मेरी इच्छा है कि इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि कैंसर की प्राकृतिक चिकित्सा की खोज करने और इसके बाद इस बीमारी से जूझ रहे कई लोगों को नई जिंदगी देने वाली जर्मनी की डाक्टर ने कई साल पहले ने घोषणा कर दी थी कि ट्रांस फैट हमारी सेहत का बड़ा दुश्मन है। लेकिन तेल कंपनियों और सरकार की मिलीभगत के कारण इस पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया। दुख की बात है कि आज हमारी हैल्थ केयर सर्विसेज हैल्थ इंडस्ट्री बन चुकी हैं। आज इनका सिद्धांत है कि पहले बीमार करो फिर उपचार करो और दोनों से कमाओ। पहले 50 रुपये की लागत से बना पिज्जा 500 रुपये में खिलाएंगे और जब हमें कैंसर या कोई दूसरा रोग हो गया तो मुट्ठीभर दवा के हजारों और लाखों वसूलेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रांस फैट टॉक्सिक, अखाद्य और कृत्रिम फैट है। इसे सस्ते तेलों का आंशिक हाइड्रोजिनेशन करके फैक्ट्री में बनाया जाता है। प्राकृतिक तेल और जीव-वसा में प्राय: यह फैट नहीं होता है। यह देखने में घी और मक्खन की तरह होता है और इसकी शेल्फ लाइफ बहुत अधिक होती है, यानि इसमें बने व्यंजन अधिक देर तक चलते हैं। इसको बनाने में लगात भी कम आती है। इसलिए यह बेकरी, हलवाई और प्रोसेस्ड फूड निर्माताओं का मनपंसद फैट है। घरों में इस्तेमाल होने वाले रिफाइंड ऑयल और वनस्पतियों में भी यह फैट होता है। जानी-मानी कंपनियों के नमकीन चिप्स, बर्गर, छोले भटूरे, समोसा, कचौड़ी, पकौड़ी, कैंडी, पिज्जा, चॉकलेट, आइसक्रीम आदि में भारी मात्र में ट्रांस फैट पाया जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जल से भी संभव है बीमारियों का इलाज!

**हमारे फेफड़ों से बाहर निकाली गई सांस के रूप में, मलाशय से मल के रूप में तथा मूत्र के रूप में पानी ही बाहर निकलता है। जल ही शरीर के सभी अंगों के विषैले तत्व ढोकर बाहर निकालता है। फेफड़े, त्वचा, आंतें, आमाशय, गुर्दे तथा हृदय अपना-अपना काम करने के लिए जल की शक्ति पर ही निर्भर रहते हैं। जल केवल अपशिष्ट पदार्थों को शरीर से निकालने का ही कार्य नहीं करता अपितु यह एक अनिवार्य जीवन तत्व भी है। इसके बिना जीवित नहीं रह सकते। शरीर में जल की अत्यधिक कमी से डिहाइड्रेशन हो सकता है और रोगी की मृत्यु भी हो सकती है। इसलिए उल्टी या दस्त के जरिए शरीर से अत्यधिक जल निकलने की स्थित मिं तुरंत जल की आपूर्ति बढ़ाई जानी चाहिए। भोजन करने से पहले कभी पानी नहीं पीना चाहिए परंतु यदि प्यास ज्यादा हो तो एक-दो घूंट पानी पिया जा सकता है। परंतु अधिक पानी पीने से पेट की भूख शांत हो जाती है।**

क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर पंचतत्व हैं, जिनसे हमारा शरीर बना है। हमारे जीवन में जल के महत्व से सभी परिचित हैं। जल की संरचना में दो भाग हाइड्रोजन और एक भाग ऑक्सीजन का योगदान होता है। छह प्रकार के रसों, मधुर, कटु, अम्ल, लवण, कषाय तथा तिक्त के स्वाद का अनुभव हम जल के कारण ही कर पाते हैं। थकावट, सुस्ती, बेहोशी, नींद और कोष्ठ बद्धता को दूर करने में जल की भूमिका किसी से भी छिपी नहीं है। स्नान करने पर यह शरीर को निर्मल और तरोताजा बनाता है। यह शरीर के भीतर-बाहर के सभी दोषों को दूर कर देता है हाइड्रोपैथी अर्थात पानी से उपचार में सोच समझ कर पानी का इस प्रकार प्रयोग किया जाता है कि विभिन्न शरीर के भागों जैसे आमाशय, छोटी आंत, बड़ी आंत, मूत्राशय, मलाशय आदि में जमे दोषों को शरीर से निकाल देता है। कोष्ठ बद्धता 'कब्ज) जो अनेक रोगों की जननी है, के निराकरण के लिए जल-चिकित्सा सबसे अच्छा उपाय है। संसार की प्राचीनतम पुस्तक ऋग्वेद में भी जल की महत्ता का वर्णन किया गया है। इसमें जल को औषधि तथा समस्त रोगों का नाशक कहा गया है। हमारे शरीर में लगभग 70 प्रतिशत जल है। जल का सबसे प्रमुख कार्य हमारे शरीर को कठोर बनाना है। हर एक बदलते मौसम के अनुरूप शरीर को ढालने के लिए जल के गुणों का विभिन्न प्रकार से लाभ उठाया जा सकता है। नंगे पैर फर्श पर या गीली ओस पर सैर करने से हमारे मस्तिष्क और आंखों में विशेष तरावट पहुंचती है और शरीर को अभूतपूर्व शांति का अहसास होता है। नंगे पैरों गीले पत्थरों पर चलने से शरीर में उपस्थित अनावश्यक गर्मी खत्म हो जाती है। जिन लोगों को पैरों के तलुओं में (बर्निंग सैन्सैशन) की



शिकायत हो उनके लिए यह सबसे अच्छा उपाय है। पित्तजनित रोगों के निदान के लिए शीतल जल में चलना लाभकारी हो सकता है। ठंडे जल से हाथ मुंह धोने तथा बर्फबारी के तुरंत बाद बर्फ पर चलने से शरीर को चैतन्य की प्राप्ति होती है, उसमें चुस्ती-फुर्ती आ जाती है। इसी प्रकार घुटनों, सिर और गर्दन पर शीतल जल का धारापात भी स्वास्थ्यवर्धन का अचूक साधन है। क्योंकि जल का सबसे बड़ा गुण यही है कि यह संपर्क में आते ही शीघ्रता से उसकी उष्णता सोख लेता है। नंगे पैर चलने का धारापात की अवधि का निर्णय आप स्वयं ही कर सकते हैं। स्वस्थ शरीर के लिए भोजन और व्यायाम के साथ-साथ स्नान को भी महत्वपूर्ण माना गया है। दैनिक स्नान का महत्व इसी बात से स्पष्ट है कि भारतीय धर्मग्रन्थों में स्नान को नित्य कर्तव्य माना गया है। गर्मियों में प्रात: व सायं दो बार स्नान करना चाहिए। शीतकाल में एक बार स्नान करना अति आवश्यक है। जो व्यक्ति शीतकाल में प्रतिदिन नहीं नहाते उन्हें कई रोग आ घेरते हैं। साथ ही उनका स्वभाव भी चिड़चिड़ा हो जाता है। जिस प्रकार पेशाब के द्वारा शरीर से क्लोराइडस तथा नमक आदि निकल जाते हैं, उसी प्रकार शरीर के भीतर के दूषित अम्ल तथा अन्य अपशिष्ट द्रव्य हमारी त्वचा पर बने रोमकूपों से पसीने के रास्ते निकल जाते हैं। प्रतिदिन शरीर को जल से धोया जाना चाहिए अन्यथा पसीने के साथ निकले पदार्थों से रोमकूप बंद हो जाएंगे, इससे पसीना निकलने का मार्ग अवरुद्ध हो जाएगा, जिससे शरीर के भीतर के विषैले पदार्थ रक्त में मिल जाएंगे और अनेक प्रकार के रोग आ घेरेंगे। जल की कितनी मात्रा का उपयोग किया जाए यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपके शरीर की प्रकृति कैसी है ठंडी अथवा गर्म। इसके अतिरिक्त आदत, उम्र, समय तथा शारीरिक स्वास्थ्य का स्तर भी प्रयोग किए जाने वाले जल की मात्रा को प्रभावित करता है। गर्मियों में ताजे, ठंडे, निर्मल जल का प्रयोग करना चाहिए जबकि सर्दियों में या शीत ऋतु में सहन करने योग्य गर्म जल का प्रयोग किया जाना चाहिए।

# केजरीवाल संबंधी निर्णय : संकेत, संदेश व सियासत



तनवीर जाफरी

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पिछले दिनों विवादित दिल्ली आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने सीबीआई द्वारा अदालत में पेश किए गए सबूतों को कमजोर और अपर्याप्त बताया और कहा कि आरोपियों की कोई आपराधिक साजिश या इरादा साबित नहीं हुआ। अदालत ने कहा कि केवल दावे पर्याप्त नहीं होते बल्कि ठोस सबूत होने भी जरूरी हैं। अदालत ने कहा कि चार्जशीट में खामियां हैं और कोई साक्ष्य भी नहीं मिला। इस अदालती फैसले के बाद राजनैतिक हल्कों में हलचल तेज हो गई है। गौरतलब है कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने नवंबर 2021 में नई आबकारी नीति लागू की थी। इस नीति का उद्देश्य शराब की बिक्री का निजीकरण कर ग्राहक सुविधा बढ़ाना और शराब की काला बाजारी रोकना बताया गया था। परन्तु जुलाई 2022 में मुख्य सचिव की रिपोर्ट में प्रक्रियागत खामियां, मनमाने फैसले और 500 करोड़ से अधिक का नुक्सान बताते हुए दिल्ली के तत्कालीन एल जी, वी के सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफारिश की।

उस समय केंद्र सरकार की अधीनस्थ संस्थाओं सीबीआई और ईडी द्वारा यह आरोप लगाया गया कि दिल्ली सरकार के तत्कालीन आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा इस नई आबकारी नीति को निजी शराब कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए तैयार किया गया था। जिसमें 100 करोड़ के कैशबैक आम आदमी पार्टी के कई नेताओं को मिले। तत्कालीन मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल को इस पूरे मामले का मुख्य साजिशकर्ता बताया गया। इसके बाद जुलाई 2022 में एलजी की सिफारिश से ही अगस्त में सीबीआई व ईडी द्वारा केस रजिस्टर्ड किया गया तथा सितंबर में नई आबकारी नीति रद्द कर दी गई। इसी के बाद फरवरी 2023 में मनीष सिसोदिया को और मार्च 2024 में केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया।



अब जहां संबंधित अदालत द्वारा केजरीवाल व सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया गया हैं वहीं खबर यह भी है कि निचली अदालत के इस फैसले को चुनौती देने हेतु सी बी आई संभवत: हाई कोर्ट का रुख कर सकती है। बहरहाल इस अदालती फैसले के बाद विपक्ष एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमलावर है। क्योंकि मोदी सरकार के दौरान ही अरविंद केजरीवाल के अलावा और भी कई विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों और नेताओं पर ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों ने कार्रवाई करने की कोशिश की। इनमें गिरफ्तारियां भी हुईं, परन्तु अधिकांश मामलों में या तो जमानत मिली या मामले डिस्चार्ज हुए या फिर उन्हें अदालत से राहत मिली। उदाहरण स्वरूप झारखंड के मुख्यमंत्री पद पर आसीन हेमंत सोरेन को 2024 में ईडी द्वारा लैंड स्कैम और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामलों में गिरफ्तार किया गया। उन्हें सीएम पद से इस्तीफा देकर जेल जाना पड़ा। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 2026 में ईडी की कार्यवाही पर स्टे लगा दिया और वे रिहा होने के बाद पुन: मुख्यमंत्री बने। इसी तरह कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के विरुद्ध ईडी ने डन्क। स्कैम में हाईकोर्ट ने जांच की मंजूरी तो दे दी परन्तु लोकायुक्त ने उन्हें क्लीन चिट दे दी। यूंही कभी केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को ईडी द्वारा 466 करोड़ का FEMA नोटिस जारी किया गया व कई कारण बताओ नोटिस जारी किए गए परन्तु अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी। इसी तरह तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव,डी शिवकुमार,पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जैसे और भी कई नेताओं से ई डी व सी बी आई पूछताछ कर चुकी है। पिछले दिनों हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भी पंचकूला के एजेएल जमीन आवंटन मामले में पंजाब/हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा हुड्डा के खिलाफ आरोप तय किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया है और उन्हें क्लीन चिट दे दी।

इसके आधार पर आरोप तय करने के सीबीआई कोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया गया परन्तु केंद्र सरकार के अधीनस्थ कार्यरत ईडी, सी बी आई या आयकर जैसे विभाग विपक्षी नेताओं पर कोई न कोई आरोप मढ़कर उन्हें न केवल परेशानियों में डाल देते हैं बल्कि इस तरह के आरोपों से उनके राजनैतिक चरित्र को भी दागदार बनाने की पूरी कोशिश करते हैं। और सही मायने में जो वास्तव में भ्रष्ट होते हैं वे तो आनन-फानन में दल बदल कर भजपाई वाशिंग मशीन से गुजरकर चरित्रवान होने का प्रमाण पत्र हासिल कर लेते हैं और भय वश उपजी इस प्रीत के बदले में उन्हें कहीं मुख्यमंत्री तो कहीं उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद या अन्य उच्च पदों पर सुशोभित कर दिया जाता है। आंकड़े यूंही नहीं बताते कि ईडी ने 2014 से लेकर अब तक करीब 121 प्रमुख नेताओं पर मामले रजिस्टर्ड किए इन में 95 प्रतिशत विपक्षी नेता थे। और 2015 से 2025 तक ईडी द्वारा दर्ज 193 मामलों में केवल 2 ही दोष सिद्धियां हुईं। शेष अधिकांश मामलों में या तो अदालत ने आरोपियों को राहत दी या फिर सुबूतों के अभाव में मामले कमजोर पड़ गए। जहां तक केजरीवाल संबंधी अदालती निर्णय के बाद उपजी सियासत का सवाल है तो जहां अदालती फैसला आते ही विपक्ष एकजुट होकर केजरीवाल के साथ खड़ा नजर आ रहा था वहीं केजरीवाल का बिलख बिलख कर रोते हुए मीडिया के सामने पेश होकर अपनी बेगुनाही का सुबूत देना चाह रहे थे और हद तो तब हो गई जबकि उसी दिन बुलाई गई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वे उन्हें जेल भेजने वाली भाजपा से भी ज्यादा कांग्रेस पर ही निशाना साधते नजर आए। सत्ता से सवाल पूछने के बजाए वे यह कहते सुनाई दिए कि केजरीवाल जेल गया, क्या रॉबर्ट वाड्रा जेल गए? संजय सिंह जेल गए, क्या राहुल गांधी जेल गए? मनीष सिसोदिया जेल गए, क्या सोनिया गांधी जी जेल गईं? कांग्रेस किस मुंह से बात करती है, शर्म नहीं आती? जाहिर है यह केजरीवाल की राजनीतिक बयानबाजी का ही एक हिस्सा था, जिससे विपक्षी एकता कमजोर हुई। क्योंकि अब कांग्रेस भी पूछ रही है कि 30 से अधिक मामलों से जूझने वाले राहुल की आंखों में कभी आंसू नहीं आए तो केवल एक मामले का सामना करने में केजरीवाल का इसतरह मीडिया के सामने रोने का क्या अर्थ है? केजरीवाल के कांग्रेस विरोधी बयान को राजनैतिक विश्लेषक पंजाब, उत्तराखंड, गोवा व गुजरात में होने वाले आगामी चुनावों से जोड़कर भी देख रहे हैं। और इसे आप व भाजपा की कांग्रेस विरोधी संयुक्त रणनीति का हिस्सा बता रहे हैं। यही वजह है कि केजरीवाल संबंधी अदालती निर्णय के संकेत इसके सन्देश और इसके पीछे की सियासत आदि सभी पहलुओं को बहुत बारीकी से समझने की जरूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अफगानिस्तान ने बगराम एयरबेस पर पाकिस्तानी हवाई हमले को किया नाकाम

**काबुल।** पाकिस्तानी सेना ने रविवार सुबह बगराम एयरबेस पर हमला करने की कोशिश की लेकिन देश की रक्षा प्रणाली ने इसे नाकाम कर दिया।

पझवोक अफगान न्यूज के हवाले से यह जानकारी दी गई है। प्रांतीय पुलिस मुख्यालय ने कहा कि सुबह करीब 5:00 बजे पाकिस्तानी सेना के कई जेट विमानों ने बगराम एयरबेस पर हवाई हमले किए। बयान में कहा गया, ष्बगराम की बहादुर रक्षात्मक और वायु सेना के तुरंत जवाब से दुश्मन की हरकतों को बेअसर कर दिया गया और एक जरूरी तथा निर्णायक जवाब दिया गया। अब तक इलाके में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और स्थिति पूरी तरह से सुरक्षा बलों के नियंत्रण में है। पुलिस मुख्यालय ने इस बात पर जोर दिया कि देश के हवाई क्षेत्र और देश की आजादी की रक्षा करना एक बुनियादी और अहम जिम्मेदारी है। अफगानिस्तान के इलाके, लोगों या मूल्यों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का जवाब सही और निर्णायक तरीकों से दिया जाएगा। गौरतलब है कि 21 फरवरी को पाकिस्तानी सेना ने पक्तिका में एक मदरसे और नंगरहार में रिहायशी इलाकों पर हवाई हमले किए, जिसमें दस से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद 27 फरवरी को अफगानिस्तान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने डूरंड रेखा पर पाकिस्तानी सेना की चौकियों और सैन्य केंद्रों पर जवाबी हमले किए, जिसमें पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान हुआ। पाकिस्तानी और अफगान सेनाओं के बीच झड़पें जारी हैं।

# ओमान के तेल टैंकर पर ईरान का हमला, चपेट में आए 15 भारतीय

**मस्कट।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव अब कई देशों तक फैलता दिखाई दे रहा है। अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई तेज हो गई है और खाड़ी क्षेत्र के अहम समुद्री, हवाई और आर्थिक ठिकाने निशाने पर आ गए हैं। ओमान के समुद्री इलाके से लेकर दुबई, इजरायल के हाइफा बंद. रगाह और सऊदी अरब की राजधानी रियाद तक धमाकों और हमलों की खबरों ने क्षेत्रीय सुरक्षा को गंभीर चुनौती दे दी है। ओमान के मसंदम तट से करीब पांच नाटिकल मील दूर एक आयल टैंकर पर हमला किया गया। ओमान के मैरिटाइम सिक्योरिटी सेंटर के मुताबिक स्कायलाइट नाम के जहाज को निशाना बनाया गया, जिसमें चार लोग घायल हुए।

# खामेनेई की मौत ने फारस की खाड़ी को बड़े संकट में डाला

## रमजान के दौरान शियाओं के सर्वोच्च नेता की हत्या से पूरे क्षेत्र में तनाव और अस्थिरता फैलने का भारी खतरा

नई दिल्ली। अमेरिका-इजरायल के समन्वित सैन्य हमले में ईरानी सर्वोच्च नेता 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत ने पूरे फारस की खाड़ी को बड़े संकट में डाल दिया है। इससे पूरे क्षेत्र में तनाव और अस्थिरता फैलने का भारी खतरा है। मुस्लिमों के पवित्र महीने रमजान के दौरान शियाओं के सर्वोच्च नेता की हत्या ने बड़ा क्षेत्रीय संकट पैदा कर दिया है, जिसके ईरान की आंतरिक स्थिरता के साथ-साथ व्यापक मुस्लिम जगत के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

इस हत्या के राजनीतिक और आर्थिक पहलुओं के अलावा धार्मिक निहितार्थ भी हो सकते हैं। खामेनेई के पास 35 से अधिक वर्षों तक ईरान की सेना, न्यायपालिका और विदेश नीति पर निर्णायक अधिकार था। उनकी मौत से सत्ता में बड़ा शून्य पैदा हो गया है, क्योंकि किसी आधिकारिक उत्तराधिकारी का नाम घोषित नहीं किया गया है। एक अस्थाई शासी परिषद, जिसमें राष्ट्रपति, न्यायपालिका प्रमुख और गार्जियन काउंसिल के एक सदस्य शामिल हैं, ने नया नेता आने तक

> ■ मुस्लिमों के पवित्र महीने रमजान के दौरान शियाओं के सर्वोच्च नेता की हत्या ने बड़ा क्षेत्रीय संकट पैदा कर दिया है
> ■ खामेनेई के पास 35 से अधिक वर्षों तक ईरान की सेना न्यायपालिका और विदेश नीति पर निर्णायक अधिकार था

नियंत्रण संभाल लिया है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीएस) ने गणतंत्र के इतिहास में 'सबसे विनाशकारी आक्रामक अभियान' का संकल्प लिया है। ईरान ने कतर, कुवैत और बहरीन में अमेरिकी ठिकानों और क्षेत्रीय लक्ष्यों के खिलाफ पहले ही जवाबी मिसाइल हमले शुरू कर दिए हैं। यह संकट वैश्विक ऊर्जा बाजारों में उथल-पुथल और अस्थिरता पैदा करने की चेतावनी दे रहा है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से समुद्र के रास्ते होने वाले तेल निर्यात का एक तिहाई हिस्सा गुजरता है। वहां किसी भी प्रकार का व्यवधान दुनिया भर में ईंधन की कीमतों में भारी उछाल ला सकता है। ईरान ने पहले ही धमकी दी थी कि अगर उस पर हमला हुआ तो वह हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर देगा। हत्या रमजान में हुई है। यह समय ईरान और वैश्विक प्रतिक्रिया में महत्वपूर्ण धार्मिक आयाम जोड़ता है। इस पवित्र महीने के दौरान अयातुल्ला की हत्या 'बद्र की भावना' (एक ऐतिहासिक इस्लामी जीत का संदर्भ) का आह्वान करती है, जो प्रतिरोध के बजाय पूरे मुस्लिम जगत में एकजुटता और लचीलेपन की भावना जगा सकती है। यह हत्या इमाम अली की शहादत के साथ भी मेल खाती है, जो शियाओं के पहले इमाम और पैगंबर मोहम्मद के दामाद थे। रमजान के दौरान जब वह नमाज पढ़ा रहे थे, तब उन पर हमला हुआ था। विश्व स्तर पर लगभग 20-26 करोड़ शिया हैं, जो दुनिया की मुस्लिम आबादी का 10-15 प्रतिशत हिस्सा हैं। भारत में शियाओं की संख्या 3.5 करोड़ है, जो कुल मुस्लिम आबादी का लगभग 15-20 प्रतिशत है और मुख्य रूप से लखनऊ, हैदराबाद, मुंबई और कश्मीर में केंद्रित हैं। करबला, इराक और जम्मू-कश्मीर में शियाओं के शोक और विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए। जम्मू-कश्मीर (श्रीनगर, बडगाम जिलों) में शिया समुदाय के बीच बड़े पैमाने पर शोक और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। दुनिया के कुछ हिस्सों में हालांकि शासन-विरोधी ईरानियों ने इसे दशकों के 'धर्मगुरुओं का शासन से मुक्ति' के रूप में मनाते हुए जश्न भी मनाया। भले ही अली खामेनेई की हत्या की व्यापक निंदा हो रही है, लेकिन मुस्लिम जगत विभाजित है। जहां कुछ रमजान के दौरान मारे गए इस नेता को शहीद के रूप में देखते हैं, वहीं अन्य उनकी मौत को ईरानी लोगों के लिए अपने देश पर फिर से दावा करने के अवसर के रूप में देखते हैं। ईरान ने 40 दिनों के शोक काल और सात सार्वजनिक अवकाशों की घोषणा की है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय क्षेत्रीय भड़काव का जोखिम उठा रहा है।

# खामेनेई की मौत पर भड़का रूस

### व्लादिमीर पुतिन ने जताई संवेदना, ईरानी राष्ट्रपति को भेजा शोक संदेश, खामेनेई की मौत को हत्या करार दिया

### उत्तर कोरिया ने भी ईरान पर हमलों की निंदा की, हमलों को गैरकानूनी, अक्रामकता व राष्ट्रीय संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया



> ■ रूस में खामेनेई की एक बड़े नेता के रूप में याद किया जाएगा
> ■ रूस और ईरान के संबंधों को मजबूत करने में खामेनेई का अहम योगदान रहा: पुतिन

**मास्को।** अमेरिका और इजरायल के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दुख जताया। उन्होंने इसे हत्या करार दिया। पुतिन ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन को भेजे संदेश में कहा, इस्लामी गणराज्य ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या पर मेरी गहरी संवेदना स्वीकार करें। यह मानवीय नैतिकता और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सभी नियमों का खुला उल्लंघन है। इस संदेश को क्रेमलिन ने जारी किया है।

पुतिन ने आगे कहा कि रूस में खामेनेई को एक बड़े नेता के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रूस और ईरान के संबंधों को मजबूत करने में खामेनेई का अहम योगदान रहा। रूस के वरिष्ठ राजनयिकों ने चेतावनी दी कि अमेरिका और इजरायल के हमले क्षेत्र को परमाणु संकट के कगार पर ले जा सकते हैं और तनाव को और बढ़ा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थायी प्रतिनिधि वेसिली नेबेंज्या ने इन हमलों को कूटनीति के साथ विश्वासघात बताया। उन्होंने पश्चिमी देशों के इस तर्क को खारिज किया कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करना चाहते था। उन्होंने इसे पूरी तरह बेबुनियाद बताया। नेबेंज्या ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में कहा, कूटनीतिक प्रक्रिया में शामिल होने की इच्छा रखने के बावजूद एक बार फिर तेहरान की पीठ में छुरा घोंपा गया है। ईरान की ओर से इराक और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर की गई जवाबी कार्रवाई का जिक्र करते हुए नेबेंज्या ने कहा कि अमेरिका-इजरायल के हमलों ने क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है और यह संघर्ष क्षेत्र से बाहर भी फैल सकता है। रूसी विदेश मंत्रालय ने शनिवार अमेरिका और इजरायल के हमलों की निंदा की। मंत्रालय ने इसे 'जानबूझकर पहले से योजना बनाकर और बिना उकसावे के किया गया सशस्त्र आक्रमण' करार दिया। मंत्रालय ने कहा कि यह हमला उस समय किया गया, जब वार्ता की प्रक्रिया फिर से शुरू हुई थी। मंत्रालय ने चेतावनी दी कि इन हमलों से क्षेत्र मानवीय, आर्थिक और यहां तक कि रेडियोधर्मी आपदा के कगार पर पहुंच सकता है। उत्तर कोरिया ने भी अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों की निंदा की है। उसने इन हमलों को 'गैरकानूनी, आक्रामकता' और राष्ट्रीय संप्रुभता का उल्लंघन करार दिया। सरकारी मीडिया कोरिया सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से दी है। प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में अमेरिका का शामिल होना कोई हैरानी की बात नहीं है। उन्होंने अमेरिका के स्वभाव को वर्चस्ववादी और गैंगस्टर जैसा बताया और कहा कि ऐसी कार्रवाई उसी का नतीजा है। बयान में कहा गया कि अमेरिका और इजरायल की ओर से शुरू किया गया आक्रामकता किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

## ईरान पर नए हमले के लिए इजरायल व अमेरिका को होगा पछतावा: ईरानी सेना

**तेहरान।** ईरानी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ और खातम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय ने अमेरिका और इजरायल को चेतावनी दी है कि वे ईरान के खिलाफ इस नई आक्रामकता पर 'पछताएंगे'। रविवार को जारी एक संयुक्त बयान में इस्लामी क्रांति के नेता अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई की शहादत पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा गया कि हम अपने नेक राष्ट्र की ताकत, दृढ़ता और समर्थन के साथ देश के दुश्मनों, विशेष रूप से अपराधी अमेरिका और दुष्ट जायोनी शासन को पछताने पर मजबूर कर देंगे। इसमें कहा गया कि दुनिया के स्वतंत्र लोगों के नेता और गुरु ( खामनेई) द्वारा हमारे लिए छोड़ी गई मूल्यवान विरासत, बहादुर और वीर ईरानी राष्ट्र तथा सशस्त्र बलों का मार्गदर्शक बल है। बयान के अनुसार कि हम अपने खून की आखिरी बूंद तक और दुश्मनों के आत्मसमर्पण तक उस बुद्धिमान और प्रभावशाली नेता के मार्ग पर चलते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि शनिवार को तेहरान में खामनेई के आवास पर इजरायल और अमेरिका द्वारा किए गए हमले में वह मारे गए थे।

# अफगान सीमा पर संघर्ष खतरनाक मोड़ पर पहुंचा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जारी संघर्ष अब खतरनाक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। दोनों देशों के बीच बढ़ता सैन्य टकराव न सिर्फ क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए चिंता बढ़ा रहा है, बल्कि कूटनीतिक रिश्तों पर भी गंभीर असर डाल सकता है। इसी बीच सीमा पर बढ़ती झड़पों के बीच पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने हवाई और जमीनी कार्रवाई में 352 अफगान तालि. बान लड़ाकों और उनके सहयोगी आतंकी तत्वों को मार गिराया है। मामले में पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने बताया कि अब तक 352 तालिबान सदस्य मारे गए हैं और 535 घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने 130 सैन्य चौकियों को पूरी तरह नष्ट कर दिया और 26 सीमा चौकियों पर कब्जा कर लिया है। इसके अलावा 171 टैंक और बख्तरबंद वाहन भी तबाह किए गए हैं। पाकिस्तान ने 41 ठिकानों पर सटीक हवाई हमले करने का भी दावा किया है।

# पश्चिम एशिया में भड़की भीषण जंग से दो खेमों में बंटी दुनिया

> ■ बड़गाम से बर्लिन तक, कहीं खामेनेई के पक्ष, तो कहीं विरोध में सड़कों पर उतरे लोग

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में भड़की भीषण जंग ने पूरी दुनिया को दो स्पष्ट कूटनीतिक ध्रुवों में विभाजित कर दिया है। शनिवार सुबह जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान के मिसाइल उद्योग व उसकी नौसेना को नेस्तनाबूद करने के लिए बड़े सैन्य अभियान की घोषणा की, तो वैश्विक राजनीति की लकीरें और गहरी हो गईं। ईरान में हुए मिसाइल हमलों के बाद वाशिंगटन ने इसे ईरानी शासन से खतरों को खत्म करने का मिशन बताया है।

इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी इसे अस्तित्व की रक्षा के लिए उठाया गया कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे ईरानी जनता को अपना भाग्य खुद चुनने का अवसर मिलेगा। संघर्ष शुरू होने के बाद भारत के कश्मीर से लेकर जर्मनी व ब्रिटेन तक कहीं इसके विरोध तो कहीं पक्ष में प्रदर्शन हुए हैं। ईरान के हमले की कई इस्लामी देशों ने भी आलोचना की है और अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले का समर्थन किया है। यूक्रेन, कतर, यूएई, बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब आदि देशों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। यूएई ने ईरान के हमले को कायराना हरकत करार देते हुए जवाब देने का अधिकार सुरक्षित रखने की बात कही है, जबकि सऊदी अरब ने इसके गंभीर परिणाम भुगतने की चेता. वनी दी है। यूक्रेन ने भी इस तनाव के लिए सीधे तौर पर ईरान के आंतरिक दमन और हालिया महीनों में प्रदर्शनकारियों पर हुई हिंसा को जिम्मेदार ठहराया है। यूरोपीय संघ, जर्मनी, फ्रांस व ब्रिटेन ने ईरान से अंधाधुंध सैन्य कार्रवाई रोकने व वार्ता दोबारा शुरू करने की अपील की।

# खामेनेई की मौत के बाद अमेरिका में विरोध प्रदर्शन व जश्न

**वाशिंगटन।** अमेरिकी और इजरायली हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अमे. रिकी शहरों में लोगों के समूह सड़कों पर उतर आए, जिनमें से कुछ ईरान पर हमलों का जश्न मना रहे थे जबकि अन्य इनके विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। गौरतलब है कि ईरानी सरकारी टेलीविजन ने रविवार को खामेनेई की मौत की पुष्टि की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान के अनुसार, शनिवार को अमेरिका द्वारा किए गए मिसाइल हमले में उनकी मृत्यु हुई। लॉस एंजिल्स क्षेत्र में लोग जश्न के संगीत की धुन पर एक-दूसरे को गले लगा रहे थे और नाच रहे थे। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, खामेनेई की मौत की खबर सुनकर कई लोग भावुक दिखे। प्रदर्शनकारियों को ट्रम्प को धन्यवाद! के नारे लगाते सुना गया।

# इजरायल का हाइफा बंदरगाह सुरक्षित: अदानी पोर्ट्स

**नई दिल्ली।** अदानी पोर्ट्स एंड एसईजेड ने रविवार को कहा कि इजरायल में उसके स्वामित्व वाला हाइफा बंदरगाह सुरक्षित है और वहां काम करने वाले लोगों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। कंपनी ने उस बंदरगाह का परिचालन कर रही अपनी अनुषंगी हाइफा पोर्ट कंपनी के हवाले से एक बयान में कहा कि वहां बंद. रगाह का ढांचा पूरी तरह सुरक्षित है। अदानी पोर्ट के बयान में कहा गया है कि हाइफा पोर्ट कंपनी पुष्टि करती है कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और बंदरगाह की सभी संपत्तियां और बुनियादी ढांचा पूरी तरह से सुरक्षित और परिचालन स्थिति में हैं।

# खामेनेई के बेटे बन सकते हैं ईरान के सुप्रीम लीडर

> ■ दो साल से सत्ता संभालने की ट्रेनिंग ले रहे थे, आखिरी फैसला 88 मौलवी करेंगे

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि उनकी जगह कौन लेगा। यह सवाल इसलिए भी, क्योंकि ईरान का सुप्रीम लीडर राष्ट्रपति से भी ज्यादा ताकतवर होता है।

ईरान ने अभी नए सुप्रीम लीडर के बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन सरकारी मीडिया 'फार्स' समेत कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके बेटे मुजतबा खामेनेई इस पद पर चुने जा सकते हैं। उन्हें पिछले 2 साल से सुप्रीम लीडर बनाने की तैयारी चल रही थी। ईरान में सुप्रीम लीडर को 'रहबर' कहा जाता है। 'रहबर' का मतलब है, मार्गदर्शक या रास्ता दिखाने वाला। 88 मौलवियों की असेंबली सुप्रीम लीडर का चुनाव करती है। दुनिया में ईरान और वेटिकन सिटी ही ऐसे देश हैं जहां धार्मिक नेता सबसे ज्यादा ताकतवर हैं। ईरान में सुप्रीम लीडर का दर्जा ठीक वैसा ही है, जैसा वेटिकन में पोप को हासिल है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अपने दूसरे बेटे मुजतबा खामेनेई को साल 2024 में उत्तराधिकारी बनाया था। खामेनेई ने बीमारी के चलते यह फैसला लिया था। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान की एक्सपर्ट असेंबली ने 26 सितम्बर 2024 को ही नए सुप्रीम लीडर का चुनाव कर लिया था। खामेनेई ने असेंबली के 60 सदस्यों को बुलाकर गोपनीय तरीके से उत्तरा. धिकारी पर फैसला लेने कहा था। खामेनेई की मौत के बाद अब मुजतबा सार्वजनिक रूप से सुप्रीम लीडर के दावेदार के तौर पर सामने आ सकते हैं। मुजतबा अपने पिता की तरह ही इस्लामिक मामलों के जानकार हैं। वे पहली बार 2009 में दुनिया की नजरों में आए। उन्होंने ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों को सख्ती से कुचला, जिसमें कई लोग मारे गए। तब राष्ट्रपति चुनाव में कट्टरपंथी नेता महमूद अहमदीने. जाद को सुधारवादी नेता मीर होसैन मौसवी पर जीत मिली थी।

# ईरान ने की राष्ट्रपति ट्रम्प को मारने की कोशिश

> ■ अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र की बैठक में किया बड़ा दावा, ईरानी सरकार ने ट्रम्प को सीधे और प्राक्सी के माध्यम से मारने की कोशिश की

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई की मौत हो गई है। कल तड़के सुबह इजरायल ने ईरान के कई शहरों और सैन्य ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए। इसी बीच संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में अमेरिका ने बड़ा दावा किया। अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि ईरानी सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधे और प्राक्सी के माध्यम से मारने की कोशिश की।

यूएन सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में माइक वाल्ट्ज ने कहा कि ईरान 47 वर्षों से लगातार 'अमेरिका को मौत' का नारा दे रहा है और इजरायल को समाप्त करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने ईरान पर अमे. रिका और इजरायल के खिलाफ हमले करने, यूएन चार्टर का उल्लंघन करने और मिडिल ईस्ट में शांति के लिए खतरा पैदा करने का आरोप लगाया। वाल्ट्ज ने कहा कि ईरान ने ट्रम्प को मारने के प्रयास किए और खुद को पीड़ित बताते हुए अपनी कार्रवाइयों को छिपाने की कोशिश की। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान की गति. विधियां अमेरिका, उसके सैनिकों, बेस, सहयोगियों और दुनिया भर के पार्टनर्स के लिए खतरा हैं। अमेरिकी-इजरायल आप. रेशन को लेकर अमेरिका ने यूएनएससी में कहा कि यह यूएन चार्टर के आर्टिकल 51 के तहत, देश और उसके सहयोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैध कदम है। वाल्ट्ज ने यह भी बताया कि ईरानी लोग इन हमलों पर शिकायत नहीं कर रहे, बल्कि जश्न मना रहे हैं, शायद वे अपनी आजादी की उम्मीद जता रहे हैं।

